# टीएनएफ टुडे

TNF TODAY

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition

ब्रिक्स देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने किया ताज का दीदार.. (पेज-3)

▮ पृष्ठ- 8 ▮ वर्ष-01 अंक-डमी ▮ मूल्य ₹7 ▮ सोमवार ▮ दिनांक- 07.09.2026


एसआरसीसी में 'दिमागी नक्सल' पर घमासान

## सीजेपी बोली-युवाओं को उम्मीद दें, ऐसे लेबल नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में दिए भाषण पर विवाद शुरू हो गया है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने उनके 'दिमागी नक्सल' वाले बयान की आलोचना की है। संगठन ने कहा कि प्रधानमंत्री को युवाओं की शिक्षा, रोजगार और छात्र कल्याण जैसे मुद्दों पर बात करनी चाहिए थी।

**सीजेपी ने पीएम मोदी के बयान पर क्या आपत्ति जताई?**

सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास ने कहा कि देश के प्रमुख कॉलेजों में से एक में सवाल पूछने वाली युवा पीढ़ी को 'दिमागी नक्सल' कहना प्रधानमंत्री के लिए बेहद शर्मनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को युवाओं को उम्मीद देनी चाहिए, न कि ऐसे लेबल लगाने चाहिए।

**युवाओं और शिक्षकों के किन मुद्दों पर बात करने की मांग हुई?**

दास ने कहा कि प्रधानमंत्री एसआरसीसी के शिक्षकों की मेडिकल और चाइल्डकेयर लीव से जुड़ी चिंताओं, कॉलेज के कमजोर होते बुनियादी ढांचे और छात्रों पर बढ़ते प्रतिस्पर्धी दबाव जैसे मुद्दों पर बात कर सकते थे। उनके मुताबिक, शिक्षक दिवस के मौके पर युवाओं के सवालों का जवाब देना ज्यादा जरूरी था। सीजेपी के सह-संयोजक आशुतोष रांका ने कहा कि एसआरसीसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के समारोह में शिक्षा, रोजगार और छात्रों के सामने मौजूद मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा की उम्मीद थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सल' मुद्दे को उठाया।

# नेपाल बाढ़ त्रासदी: 1341 मौतें, करीब 5000 लापता

### 1000 से ज्यादा अज्ञात शव दफनाए गए, बचाव कार्य अभी भी जारी

एजेंसी, काठमांडो।



नेपाल में भीषण बाढ़ आने के 12वें दिन भी बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। वहीं, अधिकारियों के सामने मृतकों की पहचान करने में लगातार मुश्किलें आ रही हैं। नेपाल पुलिस के अनुसार, बाढ़ में मरने वालों की संख्या 1,341 हो गई है, जबकि करीब 5,000 लोग अब भी लापता हैं। अब तक 13,100 से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है।

26 अगस्त को नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बर्फ और चट्टानों का हिमस्खलन हुआ था। इसके बाद भोटेकोशी नदी में पानी और मलबे का तेज बहाव आया, जिसने उत्तरी और मध्य नेपाल में कई बस्तियों को तबाह कर दिया। घर, वाहन, सड़कें, पुल और जलविद्युत ढांचे बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

**चीन ने की महज 31 लोगों की मौत की पुष्टि**

चीनी मीडिया की खबरों के अनुसार, चीन की ओर कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है, जबकि तिब्बत में 500 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार, नेपाल में बरामद शवों में कम से कम 85 बच्चे हैं। करीब 500 शव ऐसे मिले हैं, जिनके शरीर के कुछ हिस्से नहीं हैं। कई शवों की स्थिति खराब होने के कारण उनकी पहचान करने में मुश्किल हो रही है।

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, सबसे अधिक 362 शव चितवन जिले में बरामद हुए हैं। इसके अलावा नवलपरासी पूर्व, नवलपरासी पश्चिम, नुवाकोट, रसुवा, गोरखा, धाड़िंग और तनहूं जिलों में भी शव मिले हैं। प्राधिकरण के अनुसार, अब तक केवल 98 शवों की पहचान कर उन्हें उनके परिवारों को सौंपा जा सका है।

**नेपाल में मृतकों की पहचान करना बना बड़ी चुनौती**

मृतकों की पहचान करना बड़ी चुनौती बन गया है। बाढ़ में बहकर दूर पहुंचे कई शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई शव सड़ चुके हैं या उनके केवल कुछ हिस्से ही बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आपदा स्थल से बहुत दूर मिले शवों और पानी तथा कीचड़ में लंबे समय तक रहने वाले शवों की पहचान करना विशेष रूप से मुश्किल है।

नेपाल पुलिस ने लापता लोगों के परिजनों से डीएनए नमूने लेना शुरू कर दिया है। इन नमूनों की मदद से बाढ़ के बाद मिले लावारिस शवों और मानव अवशेषों की पहचान की जाएगी। नेपाल में परिजन काठमांडू स्थित नेपाल पुलिस अस्पताल या अपने निकटतम जिला पुलिस कार्यालय में नमूने दे सकते हैं।

**लोगों से लिए जा रहे डीएनए के नमूने**

अधिकारियों ने बताया कि डीएनए नमूने लेने के बाद 1,000 से अधिक अज्ञात शवों को दफना दिया गया है, ताकि भविष्य में उनकी पहचान की जा सके। नेपाल के सूचना एवं संचार मंत्री बिक्रम तिमिल्सिना ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि रसुवा में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की कमी न हो और उसके वितरण में कोई कुप्रबंधन न हो।


सरकारी समाचार पत्र गोरखापत्र के ऑनलाइन संस्करण से बातचीत में तिमिल्सिना ने कहा कि आपदा के बड़े पैमाने के बावजूद सरकार राहत और पुनर्वास के काम में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल राहत सामग्री की कोई कमी नहीं है और सरकार संसाधनों के प्रबंधन में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होने देगी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के लिए स्कूलों और अस्पतालों की इमारतों में अस्थायी आवास की व्यवस्था की गई है। उनके दीर्घकालिक पुनर्वास की योजना भी तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बाधित संचार, बिजली और सड़क नेटवर्क को बहाल करने के लिए सरकार अपने बलों और व्यवस्थाओं को जुटा रही है।

### इसरो का स्पष्टीकरण: न होगा निजीकरण, न घटेगी अहमियत; निजी कंपनियों की बढ़ेगी भागीदारी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को साफ किया कि उसका न तो निजीकरण किया जाएगा और न ही अंतरिक्ष क्षेत्र में उसकी भूमिका या अहमियत कम की जाएगी। इसरो ने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य संगठन की भूमिका को कमजोर करना नहीं, बल्कि उसे भविष्य की अत्याधुनिक अंतरिक्ष तकनीकों और बड़े मिशनों पर ज्यादा ध्यान देने का मौका देना है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि निजी कंपनियों के अंतरिक्ष क्षेत्र में आने से इसरो अपना ध्यान भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अगली पीढ़ी की तकनीकों पर केंद्रित कर सकेगा। वहीं, निजी उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां पहले से विकसित और नियमित रूप से इस्तेमाल होने वाली तकनीकों का बड़े स्तर पर उत्पादन कर सकेंगी। यह स्पष्टीकरण इसरो के कर्मचारियों से जुड़े नौ संगठनों की ओर से उठाई गई चिंताओं के बाद आया है। इन संगठनों ने 4 सितंबर को इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन को पत्र लिखकर संगठन के निर्माण और संचालन से जुड़े काम निजी कंपनियों को सौंपे जाने की खबरों पर आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।

# दिल्ली में 50 साल पुरानी बिल्डिंग गिरी, 5 की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली।



दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 5 स्टूडेंट्स की मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हैं। जो इमारत गिरी वो 40-50 साल पुरानी थी। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी। 9 का रेस्क्यू कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में 20-25 कमरे थे और हर कमरे में 2 स्टूडेंट्स रहते थे। हादसे के वक्त अंदर 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

बिल्डिंग के मालिक का नाम आनंद बंसल है, जो गुरुग्राम में रहता है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलबे में दबे एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर शेयर किया। उसने लोगों से रेस्क्यू की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने भास्कर रिपोर्टर को बताया कि यह युवक उसका दोस्त है। वह बार-बार फोन करके कह रहा है कि मुझे बचा लो।

घटना दोपहर 1:30 बजे की है। स्थानीय लोग हथौड़े से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। मलबे में कुछ गाड़ियां भी दब गई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलबे के बगल में एक और बिल्डिंग गिरने की हालत में है। लेकिन लोगों को वहां से निकाल लिया गया है।

सत्य निकेतन दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास बसा प्रमुख छात्र इलाका है। यहां बड़ी संख्या में छात्र PG और हॉस्टल में रहते हैं। इलाके में कई छात्र आवास हैं और आसपास वेंकटेश्वर कॉलेज, आर्यभट्ट कॉलेज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मैत्रेयी कॉलेज जैसे संस्थान हैं।

इसी वजह से यहां दिनभर छात्रों की आवाजाही रहती है। हालांकि, सत्य निकेतन में कुल कितने छात्र रहते हैं, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

**3 साल में दिल्ली में बिल्डिंग गिरने की 1133 घटनाएं**

साल 2022 से 2025 तक यानी 3 साल में दिल्ली में बिल्डिंग गिरने के 1133 मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई है।

**पीएम मोदी ने जताया गहरा दुख**

इस दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। तीन लोगों की मौत की पुष्टि के बाद, प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर दुख जताते हुए लिखा, 'दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत के ढहने की घटना बेहद दुखद है। जिन लोगों ने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी घटनास्थल पर मुस्तैदी से काम कर रहे हैं और इस हादसे से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं।'

**गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम से की बात**

दिल्ली के मोतीबाग में सत्य निकेतन इलाके में रविवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया है। वहीं, इस घटना की सूचना मिलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोवा में अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, एक कार्यक्रम को संबोधन के दौरान उन्हें ये सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने अपना भाषण तुरंत रोकते हुए, अपने सभी आगामी कार्यक्रम रद्द कर दिया। बताया गया है कि उन्होंने राहत और बचाव कार्य की स्थिति की जानकारी ली है।

**बीच समारोह से रवाना हुए केंद्रीय गृह मंत्री**

दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के पास सत्य निकेतन इलाके में पांच मंजिला इमारत गिरने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारियों से बात की। बता दें कि, नॉर्थ गोवा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के नए ऑफिस 'अटल भवन' के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गोवा पहुंचे थे। लेकिन, दिल्ली में इमारत गिरने की घटना जिसमें कई लोगों की मौत की खबर है, के बारे में पता चलने पर उन्होंने अपना कार्यक्रम रोक दिया और बीच में ही समारोह से चले गए।

पीएम मोदी के तंज पर कांग्रेस का पलटवार

## अपनी नाकामियां छिपाने के लिए विपक्ष को देते हैं विशेषण: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाराज फूफा' वाले तंज पर पलटवार किया। पार्टी ने कहा कि विपक्ष के लिए नाराज फूफा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना प्रधानमंत्री की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपनी नाकामियां छिपाने के लिए हर साल विपक्ष को नया विशेषण देते हैं।

विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री पर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के मंच का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि शनिवार को कॉलेज के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री ने युवाओं और शिक्षा से जुड़े संवाद के बजाय इसे एक और राजनीतिक अभियान में बदल दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "पीएम नरेंद्र मोदी, कल दिल्ली विश्वविद्यालय के एसआरसीसी में गए। यह देश के युवाओं, शिक्षा और उनके भविष्य पर संवाद का अवसर था। लेकिन अफसोस, युवाओं के सवालों का सामना करने के बजाय भाषण फिर एक राजनीतिक प्रचार में बदल गया।"

खरगे ने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पीएम मोदी का तरीका है लोकतंत्र में सवालों को दबाने के लिए विपक्ष को साल दर साल एक नई विशेषण देना, ताकि उनकी खुद की नाकामियां छिपी रहें। नाराज फूफा, दिमागी नक्सल, अर्बन नक्सल, खान मार्केट गैंग, आंदोलनजीवी, परजीवी।"

खरगे ने कहा कि विशेषण बदलते रहते हैं, लेकिन मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियां नहीं बदलतीं। उन्होंने कहा, "पहुंच से बाहर हो जाने के बाद ही संपर्क की जरूरत पड़ती है। प्रधानमंत्री ने अपना 'रिपोर्ट कार्ड' दिखाया। देश के युवा भी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़े हैं। इसमें बेरोजगारी, वर्षों से अटकी सरकारी भर्तियां, पेपर लीक से परेशान छात्र, लगातार महंगी होती शिक्षा, घटते छात्रवृत्ति के अवसर और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर बढ़ता दबाव शामिल है।"

**सुप्रिया सुले ने पीएम मोदी के तंज पर क्या कहा?**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में अपनी बात रखने के अधिकार के साथ दूसरों की बात सुनने की क्षमता भी होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आलोचकों के लिए 'नाराज फूफा' जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आलोचना करने का अधिकार भी होना चाहिए।

सीट बंटवारे पर बनी सहमति

## 2017 के फॉर्मूले पर 2027 का यूपी चुनाव लड़ने की तैयारी में सपा-कांग्रेस

एजेंसी, नई दिल्ली।



अगले साल होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपनी सांगठनिक तैयारी लगभग पूरी कर चुकी है। अब समाजवादी पार्टी के सीटों के बंटवारे पर बातचीत शुरू होनी है।

कांग्रेस नेताओं का दावा है कि चर्चा मुख्यतः इस बिंदु पर होनी है कि किन-किन सीटों पर किस दल का प्रत्याशी होगा, क्योंकि गठबंधन में सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच सहमति बन जाने के संकेत है।

इन संकेतों के अनुसार 2017 के फार्मूले पर ही यह गठबंधन होगा। कांग्रेस के हिस्से में 105 से 115 सीटें आ सकती हैं। इनमें से यदि कुछ सीटों पर कांग्रेस की तुलना में सपा के प्रत्याशी हर तरह के समीकरण में मजबूत दिखेंगे तो वह कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर लड़ सकते हैं। संगठन सृजन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में जिलाध्यक्षों के नए सिरे से चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों सहित प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और नेता विधानमंडल दल की बैठक राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ हो चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि इसके बाद प्रदेश के नेताओं की भेंट पार्टी की वरिष्ठतम नेता सोनिया गांधी के साथ हुई। इस दौरान सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी औपचारिक चर्चा हुई। इसमें स्पष्ट संदेश दे दिया गया कि सपा के साथ बेहतर तालमेल करते हुए यह चुनाव लड़ना है। उधर, सपा मुखिया अखिलेश यादव का भी कार्यकर्ताओं को संदेश है कि कांग्रेस के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ा जाएगा। ऐसे में सीटों की संख्या का कोई पेंच फंसने की आशंका अब कम है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस की ओर से अपने स्तर से सर्वे कर ऐसी 150 सीटें चिन्हित की हैं, जहां कांग्रेस अच्छा चुनाव लड़ सकती है और उसके पास अच्छे उम्मीदवार भी हैं। प्रदेश के नेता भी अधिक से अधिक सीटों पर जोर देते रहे हैं, लेकिन दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच 2017 का फामूर्ला सामने है। तब कांग्रेस 114 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें से 105 पर उसके प्रत्याशी थे और नौ सीटें ऐसी थीं, जहां कांग्रेस के सिंबल पर सपा के प्रत्याशी मैदान में थे और इस दफा भी कमोबेश यही स्थिति दोहरायी जा सकती है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सपा के स्थानीय नेताओं ने भले ही अब तक कांग्रेस को 40-50 सीटें दिए जाने का दावा किया हो, लेकिन अब सपा के बड़े नेता भी इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जनता के मुद्दों को उठाया है, उससे उनकी स्वीकार्यता विभिन्न वर्गों में बढ़ी है। दोनों दलों के समर्पित मतदाताओं के अलावा विकल्प तलाश रहे भाजपा विरोधी मतदाताओं के बीच विशेष तौर पर राहुल ने प्रभाव बढ़ाया है। इसके अलावा बिहार में महागठबंधन के बीच रही खींचतान के परिणाम से भी सपा और कांग्रेस ने सबक लेते हुए बेहतर तालमेल पर ही ध्यान केंद्रित कर दिया है।

## यूएन के नए नक्शा प्रस्ताव पर भारत का समर्थन परंतु कश्मीर पर संप्रभुता से समझौता नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर 2026 को मैप को सही करें: ग्लोबल कार्टोग्राफिक प्रतिनिधित्व में संतुलन बनाना और दुनिया के क्षेत्रों के समान प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना शीर्षक वाला प्रस्ताव अपनाया। इस पहल का उद्देश्य ऐसे मानचित्र प्रक्षेपों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है, जिनमें विभिन्न महाद्वीपों और दुनिया के क्षेत्रों का वास्तविक क्षेत्रफल अपेक्षाकृत अधिक सटीक रूप में दिखाई दे। खासतौर पर पारंपरिक विश्व मानचित्रों में क्षेत्रफल के असमान प्रतिनिधित्व को लेकर लंबे समय से चर्चा होती रही है।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। जायसवाल के मुताबिक, भारत ने अपने वोट की व्याख्या में क्षेत्रफल को अधिक समान और वास्तविक अनुपात में प्रदर्शित करने के सिद्धांत का समर्थन किया। हालांकि, भारत ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि प्रस्ताव के समर्थन का मतलब किसी एक विशेष मानचित्र प्रक्षेप को आधिकारिक मान्यता देना नहीं है। भारत के अनुसार, इसे राष्ट्रीय सीमाओं के किसी खास चित्रण की स्वीकृति के रूप में भी नहीं समझा जाना चाहिए।

प्रस्ताव राजनीतिक सीमाओं से जुड़ा नहीं विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र का यह प्रस्ताव राजनीतिक मानचित्रण से संबंधित नहीं है। इसमें किसी देश की अंतरराष्ट्रीय सीमा, विवादित क्षेत्र या किसी स्थान के नाम को लेकर कोई निर्णय नहीं किया गया है।

### एसआईआर में '13-14 करोड़ नाम हटाना स्कैम': पर पूर्व सीईसी का बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत मतदाता सूची से नाम हटाए जाने पर गंभीर सवाल उठाए हैं। भुवनेश्वर में रविवार को उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को 'अतार्किक, अनुचित, मनमाना और शरारतपूर्ण' बताया। कुरैशी ने कहा कि बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाना एक 'स्कैम' है। उन्होंने दावा किया कि एक कृत्रिम प्रक्रिया के जरिए करीब 15 प्रतिशत आबादी को मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया।

पूर्व सीईसी कुरैशी ने कहा कि देशभर में करीब 13 से 14 करोड़ लोगों के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के रुख पर भी हैरानी जताई। कुरैशी के मुताबिक, अदालत ने इस मामले में बहुत नरम रुख अपनाया, जिससे यह प्रक्रिया जारी रह सकी। उन्होंने कहा कि हटाए गए लोगों में करीब 90 प्रतिशत लोग मतदान के योग्य हैं। इसी पर उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सभी लोग दूसरे स्थानों पर चले गए हैं?

यूपी में योगी सरकार की शिक्षा के साथ रोजगार की तैयारी

## 'प्रोजेक्ट प्रवीण' से हुनरमंद बनेंगे हजारों छात्र

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार स्कूली शिक्षा को रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब नियमित पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यूपी कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत 3,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि वे भविष्य के रोजगार और करियर के लिए स्कूल स्तर पर ही तैयार हो सकें।

**30 सितंबर तक ट्रेनिंग शुरू करने का अल्टीमेटम**


कौशल विकास मिशन ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी 31 प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को सौंपी है। सभी चयनित संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर केंद्र की स्थापना, विद्यार्थियों का पंजीकरण और बैच गठन का काम पूरा कर लें। 30 सितंबर 2026 तक हर हाल में सभी केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**रुचि के अनुसार 300 घंटे की विशेष ट्रेनिंग**

व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के अनुसार, विद्यार्थियों को उनकी रुचि के आधार पर अपैरल, आईटी-आईटीईएस और मैनेजमेंट जैसे सेक्टर्स में ट्रेनिंग दी जाएगी। नियमित स्कूली पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए ट्रेनिंग की कुल अवधि 300 घंटे तय की गई है और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक बैच में अधिकतम 35 विद्यार्थियों को ही शामिल किया जाएगा। मिशन ने प्रशिक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त मानक तय किए हैं। बैच को मंजूरी ठउशएळ और ठदफपोर्टल पर गहन जांच के बाद ही मिलेगी, ताकि केवल मान्यता प्राप्त जॉब रोल में ही ट्रेनिंग हो सके। इसके अलावा, बैच शुरू होने के सात दिन के भीतर विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करानी होगी। सामग्री वितरण की हस्ताक्षरित रसीद और तस्वीरें संस्थाओं को मिशन के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींवः डॉ. रविन्द्र कुमार

## गुरु वंदन से शुरू हुआ शिक्षक दिवस समारोह छात्राओं की प्रस्तुतियों ने जीता दिल



**टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।**

राजकीय महाविद्यालय सैंया, खेरागढ़ में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कविता, भाषण एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्य ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और बेहतर नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विशाल भास्कर ने कहा कि शिक्षकों को बदलते समय के अनुरूप छात्रों में जिज्ञासा, स्वतंत्र चिंतन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. रेखा सुमन, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मनोज कुमार और डॉ. विजय आनंद गौतम ने भी शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं अनुष्का पाठक, रितु, मोहिनी, सरिता, रूपवती, कुसुम, रुबीना और संजना ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर खूब सराहना बटोरी।कार्यक्रम में कर्मचारी दिनेश चंद्र लवानिया, ब्रजमोहन, राजा वघेल, मोनू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की सघन चेकिंग, थाना प्रभारी ने संभाली कमान

**टीएनएफ टुडे, पिनाहट।**

जन्माष्टमी पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए पिनाहट पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार शाम कस्बा पिनाहट के मुख्य नंदगांव तिराहे पर थाना प्रभारी वीरेश पाल गिरी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन चेकिंग की।

अभियान के दौरान तिराहे से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर आईडी चेक की गई। पुलिस ने बेवजह घूम रहे युवकों को हिदायत भी दी।

जन्माष्टमी पर मंदिरों में होने वाले आयोजनों और बाजारों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए यह चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस का कहना है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह जरूरी कदम है।

इस मौके पर थाना प्रभारी वीरेश पाल गिरी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर कस्बे के सभी प्रमुख चौराहों, तिराहों और मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# चौबीस घंटे में आठ मीटर बढ़ा चंबल का जलस्तर

## बारिश का पानी नदियों के द्वारा चंबल में आने से बढ़ा जलस्तर, प्रशासनिक टीमें अलर्ट पर



**टीएनएफ टुडे, पिनाहट।**

मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बारिश का पानी नदियों के द्वारा चंबल में आने से चंबल नदी का जलस्तर 24 घंटे में 8 मीटर बढ़ गया है। जो कि खतरे के निशान से बहुत दूर है। फिर भी तहसील प्रशासन ने टीमों को अलर्ट मोड पर लगा दिया है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में कई दिनों से लगातार हो रही बारिश का पानी जब छोटी छोटी नदियों में आने के बाद चंबल में पहुंचने से चंबल के जलस्तर में 24 घंटे में आठ मीटर की बढ़ोतरी हुई है। शनिवार शाम करीब चार बजे पिनाहट घाट स्थित नहर विभाग की इमारत पर लगे माप मीटर के अनुसार जलस्तर 112 मीटर जो कि सामान्य स्थिति पर था। शाम के समय नदी के जलस्तर की गति तेज हुई और जलस्तर बढ़ा शुरू हो गया। जो रविवार सुबह करीब आठ बजे तक सात मीटर बढ़कर 119 पहुंच गया। जिससे पिनाहट पर बना शिव मंदिर जलमग्न हो गया। जिसके बाद दिनभर नदी तेज बहाव के साथ बहती रही और जलस्तर शाम करीब सात बजे तक दो मीटर और बढ़कर 121पहुच गया है। जो कि खतरे के निशान 130 से अभी 9 मीटर दूर है। प्रशासन के अनुसार खतरे के निशान तक पहुंचना असंभव है। फिर एहतियातन तहसील प्रशासन ने बाढ़ चौकियां समेत तटवर्ती गांवों में तैनात टीमों को अलर्ट मोड पर कर दिया है। एसडीएम बाह विनोद कुमार बताया कि कोटा बैराज से पानी नहीं छोड़ा गया है। बारिश का पानी है। जो इससे अधिक नहीं होगा। फिर भी टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। लगातार मोनीटरिंग कर रहा हूं।

# दीवार गिराने पर भिड़े दो पक्ष, एक दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग

**टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।**


बमरौली कटारा में जमीन के पारिवारिक विवाद में मचा बवाल, गोली लगने से दोनों पक्षों का कोई सदस्य घायल नहीं; पड़ोसियों को आईं चोटें थाना बमरौली कटारा क्षेत्र के बमरौली कटारा गांव में जमीन के पारिवारिक विवाद ने रविवार को अचानक तूल पकड़ लिया। धर्मेंद्र पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की दीवार गिराए जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर फायरिंग होने लगी। करीब एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलने से गांव में दहशत फैल गई। फायरिंग की चपेट में आकर आसपास के कई लोग घायल हो गए। बताया गया है कि धर्मेंद्र और राजपाल दोनों पक्ष आपस में पारिवारिक हैं। विवादित जमीन राजपाल के नाम बताई जा रही है। रविवार को धर्मेंद्र पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष की दीवार गिराने को लेकर कहासुनी शुरू हुई। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। पहले विवाद और मारपीट हुई, इसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों की ओर से एक दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग की गई। गोलियों की आवाज से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए। खास बात यह रही कि फायरिंग में दोनों पक्षों के किसी भी सदस्य को गोली नहीं लगी। हालांकि आसपास के पड़ोसी इसकी चपेट में आकर घायल हो गए।

फायरिंग और संघर्ष में सुघर सिंह, जितेंद्र कर्दम, छविराम, लक्ष्मी देवी और गौरव राणा के घायल होने की सूचना है। घायलों को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों और घटना में शामिल लोगों की भी जांच की जा रही है।

# पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली

**टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।**

थाना क्षेत्र में लगातार लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों से शनिवार की रात चेकिंग के दौरान फतेहाबाद- शमशाबाद मार्ग पर हुसैनपुरा मोड के पास मुठभेड़ हो गई। जिससे पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दूसरे साथी को भी पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से लूटे हुए सोने चांदी के आभूषण , दो तमंचा कारतूस सहित घटना प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।



एसीपी शासमाबाद राजीव कुमार रंजन ने बताया कि पहली घटना 20 जुलाई की रात 10:00 बजे उर्मिला पत्नी टीकाराम निवासी पतैयापुरा थाना फतेहाबाद जो फतेहाबाद से एक शादी समारोह में शामिल होकर घर जा रही थी। तभी एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बाबरपुर के पास दो बाइकों पर सवार चार बदमाश करधनी, पायल, मोबाइल व सोने के कुंडल लूट ले गए थे। दूसरी घटना 18 अगस्त की है। हरीराम निषाद पुत्र रुमाल सिंह निवासी गढ़ी तिवारी थाना बसई मौहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद अपनी पत्नी रूबी के साथ पिनाहट जा रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश कुंडल लूट ले गए थे। तीसरी घटना 27 अगस्त रात 8 बजे की है। अजीत पुत्र रामदास निवासी ड़ंडनियापुरा थाना निबोहरा अपनी बहन को लेकर घर जा रहा था। तभी फतेहाबाद-शमशाबाद मार्ग पर गढ़ी गोदना के पास दो बाइक सवार बदमाश पर्स लूट कर भाग गए थे। पर्स में दो सोने की अंगूठी,मंगलसूत्र,कुंडल रखे थे। चौथी घटना 27 अगस्त रात साढ़े आठ बजे की है। धीरज गुप्ता निवासी नयांबास शमशाबाद अपनी पत्नी खुशबू गुप्ता के साथ फतेहाबाद से अपने घर जा रहे थे।तभी जगराजपुर पेट्रोल पम्प के पास बाइक सवार बदमाश सोने चांदी रखे पर्स को लूट कर भाग गए थे। पांचवी घटना 28 अगस्त की है। स्कूटी सवार श्रीकिशन निवासी वाजिदपुर थाना डौकी अपनी पत्नी काजल के साथ फतेहाबाद से रक्षाबंधन के त्यौहार पर सुसराल आए थे। और रात आठ बजे फतेहाबाद-आगरा मार्ग पर पलिया के पास बाइक सवार बदमाश जबरदस्ती काजल के साथ पर्स लूट गए थे। जिसमे दो सोने की अंगूठी, सोने की चेन व 5 हजार रुपए की नगदी रखी थी। छठवीं घटना इन्हीं बाइक सवार बदमाशों ने कल्याणपुर के पास की है। कोटरेकापुरा निवासी गीतम सिंह अपनी पत्नी हीरादेवी अपने बच्चों के साथ पिनाहट क्षेत्र में सुसराल से लौट रहे थे।तभी बाइक सवार दो बदमाश पत्नी का पर्स छीन ले गए।जिसमें सोने चांदी के आभूषण व नगदी रखी हुई थी। सभी मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया। खुलासे के लिए थाना फतेहाबाद, डौकी पुलिस , एसओजी, सर्विलांस टीमों को लगाया गया था। शनिवार की रात पुलिस टीमें फतेहाबाद- शमशाबाद मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि लूट करने वाले बाइक सवार बदमाश धिमिश्री की तरफ से फतेहाबाद जा रहे है। तभी कुछ समय बाद एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया तो पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए हुसैनपुरा गांव की तरफ बाइक लेकर भागने लगे थे। तभी पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में वीकेश पुत्र धर्मवीर निवासी मढैय़ा फकीर थाना बलरई जिला इटावा के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया और उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं साथी सोनू वर्मा उर्फ लुक्का, उर्फ सनी पुत्र साहब सिंह निवासी बमुरियाई थाना निबोहरा को गिरफ्तार कर लिया गया।जिनमें कब्जे से लूटे हुए 18 हजार रुपए, एक कान का कुंडल पीली धातु, एक जोड़ी छोटे कुंडल पीली धातु, एक अनूठी पीली धातु, एक पायल सफेद धातु, एक करधनी सफेद धातु, दो तमंचा, दो कारतूस , दो खोखा, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सभी घटनाओं को हमने अंजाम दिया है तथा अपने-अपने हिस्से में कुछ रुपए को खर्च कर लिया था। वही आरोपी सोनू मुंबई में एक ढाबा पर बैटर का काम करता है। वह रक्षाबंधन से पहले घर आया था। वहीं आरोपी सोनू वृंदावन में रसोई का काम करता है।



## राटौटी में आयोजित हुई दौड़ प्रतियोगिता

**पिनाहट।** पिढ़ौरा राटौटी में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। थाना पिढौरा क्षेत्र के गांव राटौटी में रविवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्याहीपुरा चौराहे से लेकर राटौटी स्थिति में अमर बलिदानी रघुराज सिंह भदौरिया स्मारक तक करीब तीन किलोमीटर की लम्बी इस प्रतियोगिता में पिनाहट रॉकी प्रथम स्थान पर रहै। जिसको 1100 रुपये नगद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर गंगा राम पुरा के उमेश को 500 रुपये,तीसरे स्थान पर किंदर पुरा के रोहित यादव,चौथे स्थान पर दलईपुरा के भूप सिंह, पांचवें स्थान पर किंदरपुरा के आशीष को ट्रॉफी मेडल देकर आयोजक अतुल भदौरिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।इस दौरान डीवी गुर्जर,मंडले भदौरिया,सुरजीत भदौरिया, वृन्दावन वर्मा,भोला गुर्जर, राजकुमार वर्मा मौजूद रहे हैं।

## बारिश में सड़कें खराब होने से लोग परेशान

**पिनाहट।** दिन-रात की लगातार हो रही बारिश से सड़कें जलमग्न हो गयी है। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर जाने के कारण बच्चों को स्कूली जाने में और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाह आगरा मार्ग से गांव सूखाताल गांव के लिए जाने वाली मुख्य सड़क टूट चुकी हैं । ग्रामीणों को गहरे गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है ।ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से बनवाने की मांग की है । गांव काकर खेड़ा को जाने वाला मार्ग कुछ महीने पहले लोक निर्माण विभाग सडक बनाई गयी थी। किन्तु घटिया सामग्री का प्रयोग होने के कारण सड़क टूट चुकी है। ग्रामीण शैलेन्द्र परिहार फौजी, प्रहलाद सिंह, रामकेश परिहार, उमेश पाराशर, दिलीप कुमार, संजय ने सड़क निर्माण में हुई धांधली की जांच करने और इसे सही तरीके से दुबारा निर्माण कराने की मांग की है।

## नौनी में सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे से ग्रामीण परेशान, एसडीएम से लगाई गुहार

**खेरागढ़।** तहसील क्षेत्र के गांव नौनी में ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा पशु बांधकर अवरोध पैदा करने का आरोप लगाया है। संजू,महावीर,नितेश,अजीत सहित दर्जनभर ग्रामीणों ने एसडीएम नरेंद्र गंगवार को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के मुख्य मार्ग पर पशु बांधने और गंदगी फैलने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने रास्ते से अवरोध हटवाकर सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

## लंबी कूद में कई गांवों के खिलाड़ी लगाएंगे छलांग, अर्जुनपुरा में आज दिखेगा युवाओं का जोश

**पिनाहट।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव अर्जुनपुरा में आज सोमवार को लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। इसमें आसपास के कई गांवों के युवा खिलाड़ी प्रतिभाग कर अपनी शारीरिक क्षमता और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है। उनका कहना है कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के अध्यक्ष अनिल बघेल और उपाध्यक्ष जीतेंद्र शुक्ला, छविराम बघेल, रामसेवक शर्मा, रामऔतार (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), ललित शर्मा प्रधान, दिनेश शुक्ला फौजी, पप्पू कुशवाहा और कमलेश कुशवाहा ने क्षेत्र के युवाओं से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। साथ ही ग्रामीणों और खेल प्रेमियों से पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

## धूमधाम से निकली भगवान लव कुश महाराज जयंती शोभायात्रा

**फतेहपुर सीकरी ।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडी मिर्जा खां में भगवान लव कुश महाराज जयंती शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाल गई , जिसमें कुशवाहा समाज के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए,मार्ग में पुष्प वर्षा कर स्वरूपों का भव्य स्वागत किया गया। भगवान लव कुश जयंती शोभा यात्रा की शुरूआत भगवान राम,सीता ,लक्ष्मण ,हनुमान जी , भगवान लव कुश के स्वरूपों की आरती के साथ अध्यक्ष नूर सिंह कुशवाहा, दरब सिंह नेताजी,रामस्वरूप एडवोकेट, राधे सरपंच ,गिरीश प्रधान, रामवीर प्रधान आदि ने संयुक्त रूप से की। जयंती शोभायात्रा में भगवान राम लक्ष्मण, सीता ,हनुमान जी , भगवान लव कुश,भगवान गणेश ,माता रानी समेत दर्शन भर झांकियां आकर्षण का केंद्र रही मार्ग में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वरूपों का स्वागत किया। जयंती शोभा यात्रा का समापन भगवान लव कुश मंदिर पर किया गया जहां स्वरूपों की आरती उतार कर प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान प्रमुख रूप से मुन्नी लाल कुशवाहा,शिवचरण कुशवाहा, किशन सिंह नेताजी,डॉ दिलीप कुशवाहा, राजेश कुशवाहा प्रधान, कैलाश कुशवाहा ,मानिकचंद कुशवाहा , राधावल्लभ , थान सिंह कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी आनंद वीर सिंह,सब इंस्पेक्टर कल्पना शर्मा समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# श्याम बाबा की भक्ति और ब्रज संस्कृति के रंग में रंगा नंदोत्सव

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति एवं आगरा नरेश पोशाक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बायपास रोड स्थित उत्सव मैरिज होम में आयोजित नंदोत्सव भक्ति, संस्कृति और उल्लास के रंगों से सराबोर रहा। श्याम बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पूरे वातावरण में भक्तिभाव और उत्सव की उमंग छा गई।



कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में आगामी जनकपुरी महोत्सव में राजा जनक के स्वरूप अशोक कुमार गोयल एवं रानी सुनैना के स्वरूप लता गोयल का संस्था की ओर से अभिनंदन किया गया। उपस्थित लोगों ने दोनों का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए जनकपुरी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

नंदोत्सव के दौरान ब्रज संस्कृति और धार्मिक आस्था से ओतप्रोत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ब्रज नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं और अतिथियों का मन मोह लिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राम दरबार, पंचमुखी हनुमान अवतार, श्रीकृष्ण अवतार सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एक के बाद एक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और ब्रज की लोककला की सुंदर छटा देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट और भक्तिमय उल्लास से गूंजता रहा।

नंदोत्सव की परंपरा को जीवंत करते हुए नंद बाबा के स्वरूप में गौरव अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को उपहार वितरित किए।कार्यक्रम में पारिवारिक मिलन का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ दाल-बाटी के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अमन गर्ग, मोहित अग्रवाल, गगन गर्ग, नीरज गर्ग, सौरभ अग्रवाल, सौरभ बंसल, निखिल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल राधे-राधे आदि उपस्थित रहे।20 सितंबर को लगेगा रक्तदान शिविर

अध्यक्ष अमन गर्ग ने बताया कि संस्था के मासिक सेवा प्रकल्प कार्य के अंतर्गत 20 सितंबर को जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर के एसी हॉल में विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा।

## खेल खेल में छात्र छात्राओं को शिक्षा के बारीकियां सिखा रही शिक्षिका रिजवाना

**फतेहपुर सीकरी।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विदरपुर में कार्यरत शिक्षिका रिजवाना मेरा विद्यालय मेरी पहचान के अंतर्गत खेल खेल में छात्र छात्राओं को शिक्षा की बारीकियां सिखा रही है, शिक्षा की इस अनोखी पहल की ग्रामीण सराहना कर रहे हैं ,प्राथमिक स्कूल विदरपुर में अब गांव के ही नहीं दूसरे गांव के बच्चे भी शिक्षा ग्रहण करने पहुंच रहे हैं। शिक्षिका अपने हर बच्चे की रुचि के अनुसार वातावरण उपलब्ध कर उनके सवार्गीण विकास उनको आगे बढ़ाने कहीं ना कहीं चयन करवाना जैसे अटल आवासीय विद्यालय,जवाहर नवोदय विद्यालय,विद्याज्ञान विद्यालय में के लिए तैयार कर रही है।

# बारिश भी नहीं रोक पाई खिलाड़ियों के कदम, पाली में हुई २.5 ड्ट ओपन रेस

**टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।**

पाली गांव में रविवार को युवाओं को खेलों से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को मंच देने तथा उन्हें नशे और सोशल मीडिया से दूर रखने के उद्देश्य से 2.5 किलोमीटर ओपन रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद खिलाड़ियों का जोश कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

यह प्रतियोगिता इ४'ि ाङ्ग१ र४ूी२२ ॲ१ी उङ्ग'ॉी, कराही, फतेहपुर सीकरी की पहल पर आयोजक सुनील प्रधान के नेतृत्व में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सोनवीर, आगरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विशाल, इकराम नगर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पाली गांव के युवाओं को वॉलीबॉल किट भी उपलब्ध कराई गई। यह किट सरपंच एवं इ४'ि ाङ्ग१ र४ूी२२ ॲ१ी उङ्ग'ॉी के चेयरमैन विश्वेंद्र शर्मा द्वारा गांव के युवाओं के लिए दी गई, ताकि युवा एक साथ मिलकर नियमित रूप से खेल सकें और खेल गतिविधियों से जुड़े रहें। इस पहल की ग्रामीणों और युवाओं ने सराहना की।




कार्यक्रम में शिशु प्रधान कराही, दामोदर ओझा, मोनू, अजय, गौरव, जिंदल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर इ४'ि ाङ्ग१ र४ूी२२ ॲ१ी उङ्ग'ॉी के चेयरमैन एवं सरपंच विश्वेंद्र शर्मा ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना आज समय की जरूरत है। कॉलेज की ओर से गांव-गांव रेस एवं लंबी दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार हर सप्ताह किया जाता रहेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर ले जाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।

वहीं गांव की महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने तथा मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचाकर खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गांवों में इस तरह के कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए।

बारिश के बीच भी खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि मौसम की चुनौती भी खेल के जुनून को नहीं रोक सकती।

खेलेंगे युवा, स्वस्थ रहेगा गांव – यही है नई पहल का संकल्प।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा
आगरा, सोमवार
07 सितम्बर 2026


# ब्रिक्स देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने किया ताज का दीदार

- भारत की मेजबानी में भव्यता के साथ संपन्न हुआ वैश्विक आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारत की अध्यक्षता में राजधानी नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 'ब्रिक्स चीफ जस्टिस फोरम के समापन के बाद, दुनिया भर से आए न्याय जगत के दिग्गजों ने ऐतिहासिक ताजनगरी आगरा का रुख किया। चार से छह सितंबर 2026 तक चले इस वैश्विक न्यायिक सम्मेलन की मेजबानी भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई थी, जिसमें विभिन्न देशों की न्याय प्रणालियों और आपसी सहयोग पर गहन मंथन हुआ। इसी सिलसिले में रूस, बोलीविया, मिस्त्र, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया सहित कई देशों के मुख्य न्यायाधीशों और उच्च स्तरीय न्यायिक अधिकारियों वाले 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आगरा पहुंचकर यहां की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का दीदार किया।



**जिला प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था और पुख्ता प्रोटोकॉल**

अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल के आगरा आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पूरी संवेदनशीलता और सख्ती के साथ पालन करते हुए विदेशी अतिथियों के लिए सुरक्षा, कड़े प्रोटोकॉल, पायलट-एस्कॉर्ट, सुगम यातायात और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया था। जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच बेहतरीन समन्वय का ही नतीजा रहा कि सभी विदेशी मेहमानों का यह भ्रमण पूरी तरह सुरक्षित, निर्बाध और अत्यंत गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि ताजनगरी वैश्विक पटल पर अतिथि देवो भव की संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र है।

**वैश्विक न्याय जगत की हस्तियों ने सराहा ताजमहल का सौंदर्य**

विश्व पटल पर भारत की मेहमाननवाजी और ऐतिहासिक विरासत की चमक एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने आई। ब्रिक्स और भागीदार देशों से आए इस विशिष्ट न्यायिक डेलिगेशन में रूसी संघ के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश इगोर क्रासनोव बोलीविया के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रोमेर साउसेडो गोमेज, और मिस्त्र के माननीय बूलस फहमी इस्कंदर बूलस जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल थीं। इन सभी न्यायविदों ने मोहब्बत की निशानी ताजमहल और मुगलकालीन वास्तुकला के बेजोड़ प्रतीक लालकिले का अवलोकन किया। संगमरमर की इस अनमोल धरोहर की नक्काशी और ऐतिहासिक महत्व को देखकर विदेशी मेहमान अभिभूत नजर आए।

# लोधी महासभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

- कुरीतियों के खात्मे और शिक्षा-रोजगार को बढ़ावा देने का लिया गया संकल्प

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अखिल भारतीय लोधी महासभा, आगरा की जिला कार्यकारिणी और नई टीम का गठन रविवार को जिला अध्यक्ष मोहन सिंह लोधी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न दायित्वों के लिए सक्रिय और समर्पित पदाधिकारियों का चयन कर उनका भव्य सम्मान किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश उत्तम सिंह लोधी रहे, जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिओम लोधी ने और अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह लोधी ने की।

**राष्ट्रीय और प्रांतीय दिग्गजों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस भव्य आयोजन में समाज के राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर के कई दिग्गज नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राकेश लोधी, राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह राजपूत, राष्ट्रीय सचिव पृथ्वीराज सिंह, कोमल सिंह लोधी और टुंडा राम लोधी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व युवा जिला अध्यक्ष उमेंद्र राजपूत, संतोष लोधी, सुनील राजपूत, विनोद राजपूत, दिनेश लोधी और टिंकू राम लोधी सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व समाजसेवी भी मौजूद रहे।

**विस्तृत कार्यकारिणी का गठन और युवाओं को कमान**

गठित की गई नई जिला कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती देने के लिए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

इसमें 10 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 जिला मंत्री, 6 प्रचार मंत्री, 6 संगठन मंत्री, 1 मीडिया प्रभारी, 3 सह-मीडिया प्रभारी, 4 सोशल मीडिया प्रभारी, 4 विधि सलाहकार, 10 संरक्षक मंडल सदस्य, 20 कार्यकारिणी सदस्य, 1 कोषाध्यक्ष, 6 सह-कोषाध्यक्ष और 1 कोष निरीक्षक शामिल हैं। इसके साथ ही युवा संगठन में भी नई घोषणाएं करते हुए मिथुन लोधी को युवा जिला अध्यक्ष आगरा, लोधी धर्मेंद्र सिंह राजपूत को युवा महानगर अध्यक्ष और गजेंद्र लोधी को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाजजनों ने बधाई दी।

**कुरीतियों के खिलाफ अभियान और बबलू लोधी का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान महासभा ने समाज में गहरी जड़ें जमा चुकी दहेज प्रथा, मृत्यु भोज और नशे जैसी गंभीर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का कड़ा संकल्प लिया।

इसके साथ ही युवाओं को शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने और राजनीतिक क्षेत्र में समाज की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# बबलू लोधी का लोधी समाज ने किया जोरदार स्वागत

समाज के मान-सम्मान को हमेशा शीर्ष पर रखने का लिया संकल्प



टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजगंज स्थित प्रियांशु गार्डन में लोधी समाज की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त बृज क्षेत्र मंत्री बबलू लोधी का गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने फूलमालाओं और जयकारों के साथ अपने लाडले नेता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पार्टी संगठन में बबलू लोधी को मिली यह बड़ी जिम्मेदारी पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है।

कार्यक्रम के दौरान महासभा के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह लोधी ने नवनियुक्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि समाज को बबलू लोधी से बहुत उम्मीदें हैं और पूरा विश्वास है कि वे समाज की हर आवाज को भाजपा के मंच पर पूरी मजबूती के साथ उठाने का काम करेंगे। इस मिले अपार स्नेह और सम्मान से अभिभूत बबलू लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान को कभी भी आंच नहीं आने दी जाएगी। पार्टी ने उन्हें जो यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है, उसके पीछे उनके समाज का आशीर्वाद और समर्थन ही मुख्य वजह है।

**बड़ी संख्या में गणमान्य लोग रहे मौजूद**

इस अभिनंदन समारोह में समाज और संगठन से जुड़े कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेंद्र राजपूत, करिश्मा जाटव लोधी, सतीश लोधी, सतेंद्र लोधी, यशपाल लोधी, दिनेश लोधी, विजय सिंह लोधी, टिंकू लोधी, मुन्ना लाल लोधी और कोमल सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एलन कॉन्वेंट स्कूल में सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



टीएनएफ टुडे, आगरा।

एलन कॉन्वेंट स्कूल, शमशाबाद रोड, आगरा में भारत के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस सम्मान एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति अपने प्रेम, आदर एवं आभार को व्यक्त किया।

विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को दिए गए सम्मान से विद्यालय परिसर में आत्मीय एवं भावपूर्ण वातावरण बना रहा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के इस स्नेह और सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन हरिओम शर्मा, डायरेक्टर एस.के. शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष मुदगल, वाइस प्रिंसिपल आनंद शर्मा, पूनम अग्रवाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच सम्मान एवं विश्वास का संबंध शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिलाओं में से एक है।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर , महिला की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

टीएनएफ टुडे, सैंया।

आगरा, ग्वालियर हाईवे पर शाम 4:45 बजे एक ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी तथा हाईवे जाम कर दिया ।

थाना सैंया क्षेत्र के गांव नगला चोबनिया निवासी किशन सिंह अपनी पत्नी गुड्डी के साथ रविवार की शाम 04:45 बजे बाइक द्वारा इटोरा स्थित एक निजी अस्पताल से अपने रिश्तेदार को देख कर वापिस अपने गांव लौट रहे थे तभी सिकन्दरपुर के पास पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठी गुड्डी देवी उम्र 42 वर्ष बाइक से सड़क पर गिर पड़ी तथा ट्रक सिर को कुचलता हुआ निकल गया।



घटना को देख ग्रामीण व राहगीर एकत्रित हो गए तथा सड़क पर शव रख कर यातायात ठप्प हो गया।हाईवे पर वाहनों की एक किलोमीटर तक जाम लग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर एक घंटे बाद यातायात शुरू करा दिया । मृतका के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं जिसमें एक पुत्र की शादी हो चुकी है तथा पुत्री की देवउत्थान पर शादी होनी थी । पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर काफी देर बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है ।ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ।

## बारिश के कारण दीवार पलटी

**फतेहाबाद।** तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव टडावली में बारिश के चलते घर की बाउंड्री वॉल की दीवार पलट गई। तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव टडाव़ली निवासी अभय पुत्र रामप्रसाद ने बताया कि सुबह से लगातार हो रही बारिश के चलते रविवार की शाम घर की बाउंड्री वॉल की दीवार अचानक से भर भराकर पलट गई गनीमत रही की जिस समय दीवार पलटी उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था नहीं तो हादसा हो सकता था।



# ज्ञान और तपस्या का सम्मान, शिक्षक हुए सम्मानित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कमला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस का पावन पर्व पूरी भव्यता और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक विजय कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक होना किसी तपस्या से कम नहीं है और एक शिक्षक का आचरण ही समाज की भावी पीढ़ी के निर्माण का मुख्य आधार बनता है। प्रबंधक अमित अग्रवाल ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शैक्षिक दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित चतुवेर्दी ने प्रबंध समिति के साथ मिलकर सभी का उत्साहवर्धन किया और विद्या भारती की योजना के अनुरूप उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान कंप्यूटर विषय के प्रवेन्द्र प्रताप सिंह, तुषार गर्ग, सुजीत मलोनिया, कपिल, मयंक, सुमित, देवेंद्र, सरला, गोविंद राम, राहुल, रुचि, गौरव और राजीव समेत कई आचार्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानेंद्र, देवेंद्र, राजेश, नीरज, नारायण और अंकित जैसे समर्पित कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा।

# उड़ान ने बच्चों के सपनों को दिए पंख, पहली बार विमान में बैठे 15 बच्चे

- फ्लाइट ऑफ फैंटेसी कार्यक्रम में एक पहल पाठशाला के बच्चों ने भरी उड़ान
- लखनऊ में विज्ञान की दुनिया से होंगे रूबरू, लूलू मॉल की भी करेंगे सैर



टीएनएफ टुडे, आगरा।

कभी आसमान में उड़ते विमान को देखकर उसके भीतर बैठकर सफर करने की कल्पना करने वाले 15 प्रतिभाशाली बच्चों के लिए रविवार का दिन उनकी कल्पनाओं को हकीकत में बदलने वाला रहा। राउंड टेबल इंडिया के अंतर्गत आगरा कनेक्ट राउंड टेबल 354 संस्था की ओर से ह्यफ्लाइट ऑफ फैंटेसीह्न कार्यक्रम में बच्चों को पहली बार विमान यात्रा का अनुभव कराया गया। संस्था ने बच्चों को केवल उड़ान ही नहीं कराई, बल्कि उनके सपनों को पंख देने और उनके भीतर नई आशाओं व आत्मविश्वास का संचार करने की पहल की।

संस्था के अध्यक्ष संभव अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को किताबों और कक्षा की दुनिया से बाहर निकालकर नए स्थानों, गतिविधियों और अनुभवों से जोड़ना उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से एक पहल पाठशाला के 15 बच्चों और दो शिक्षकों को आगरा से सड़क मार्ग द्वारा जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से उन्होंने लखनऊ के लिए उड़ान भरी।

लखनऊ पहुंचने के बाद बच्चों के लिए दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम रखा गया है। पहले दिन मनोरंजन और आनंद के लिए लूलू मॉल का भ्रमण कराया जाएगा। दूसरे दिन बच्चे रीजनल साइंस सिटी का भ्रमण करेंगे, जहां विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रयोगों, गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से वे अपनी जिज्ञासाओं को शांत करेंगे।

एक पहल पाठशाला के महासचिव मनीष राय ने कहा कि बच्चों के लिए यह अनुभव उत्साह, आशा और नई कल्पनाओं से भरा हुआ है। सभी बच्चे पहली बार हवाई जहाज में सफर कर रहे हैं। यह यात्रा बच्चों के लिए सिर्फ भ्रमण नहीं, बल्कि उनके सपनों को देखने और उन्हें पूरा करने का विश्वास जगाने वाला अनुभव है। विद्यालय से बच्चो की देखरेख को शिक्षक अश्लेष मित्तल और छवि को भेजा गया है। कार्यक्रम में सृष्टि अग्रवाल, मधुर सचदेवा, सौरभ लांबा, यशिका लांबा, कुशाग्र कुंद्रा, शोभित अग्रवाल, रचित वाधवा, अंकित खण्डेवाल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना बमरौली कटारा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष बमरौली कटारा दीपक तिवारी ने बताया कि दो सितंबर को थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री दो सितंबर की सुबह विद्यालय गई थी, स्कूल का समय बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं लौटी। परिजन द्वारा काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा में मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। एसीपी फतेहाबाद के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने चार सितंबर को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए नगला सबला चौराहा ग्राम समोगर रोड के पास से आरोपी सौरभ पुत्र राजन सिंह निवासी ग्राम समोगर, थाना बमरौली कटारा को गिरफ्तार किया गया।

# सेवा, समर्पण और आस्था का नया अध्याय

- गुरुद्वारा गुरु का ताल में दो साल की कार सेवा के बाद भव्य दर्शन ड्योढ़ी संगत को समर्पित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु का ताल में दो वर्षों से चल रही कार सेवा के बाद मुख्य प्रवेश द्वार 'दर्शन ड्योढ़ी' का निर्माण कार्य पूरी भव्यता के साथ संपन्न हो गया। रविवार को रिमझिम वर्षा के सुहाने मौसम में निशान साहिब के सानिध्य और मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह की अगुवाई में कीर्तन परिक्रमा निकाली गई। दर्शन ड्योढ़ी पर पहुंचने के बाद भव्य कीर्तन और अरदास हुई, जिसके उपरांत संगत ने नए प्रवेश द्वार से गुरुद्वारा परिसर में प्रवेश कर इसका औपचारिक उद्घाटन किया।

संत बाबा प्रीतम सिंह ने बताया कि इस विशाल प्रवेश द्वार को विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया गया है, जो श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के इस पवित्र स्थान की गरिमा को और बढ़ाएगा। इस प्रवेश द्वार और मुख्य सीढ़ियों पर कोई दरवाजा नहीं लगाया गया है, क्योंकि गुरुद्वारे के द्वार हर जाति, वर्ग और धर्म के लोगों के लिए हमेशा खुले रहते हैं। कोरोना काल में भी इस परंपरा को निभाते हुए लंगर लगातार जारी रखा गया था। वहीं बढ़ती संगत को देखते हुए जल्द ही लंगर हॉल की क्षमता दोगुनी करने और अत्याधुनिक भाप आधारित रसोई बनाने की योजना पर भी काम शुरू होगा।

इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा गुरु का ताल के जत्थेदार राजेंद्र सिंह इंदौरिया, बाबा अमरीक सिंह, ग्रंथि हरबंस सिंह, अजायब सिंह टीटू, महंत हरपाल सिंह, जोगा सिंह, ज्ञानी केवल सिंह, श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान कवलजीत सिंह, गुरुद्वारा माईथान के हेड ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह, सरदार दलजीत सिंह सेतिया, श्याम भोजवानी, वीर महेंद्र पाल सिंह, अवनीत कौर, गुरमीत सिंह सेठी और लकी सेतिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# शहरी चौराहों पर रेंगती जिंदगी और बहते पसीने की अनसुनी दास्तान

ताजनगरी के किसी भी प्रमुख चौराहे पर खड़े हो जाइए। ट्रैफिक सिग्नल की लाल बत्ती होते ही गाड़ियों के बीच एक ऐसा संसार जीवंत हो उठता है जो हमारी रोजमर्रा की व्यस्त नजरों से अक्सर ओझल रहता है। कभी हाथ में छोटे खिलौने लिए कोई मासूम बच्चा दिखाई देता है तो कभी भीख मांगते हुए बुजुर्ग हाथ फैलाते नजर आते हैं। यह दृश्य केवल एक शहर की तस्वीर नहीं है बल्कि हमारी उस आधुनिक विकास यात्रा का एक ऐसा स्याह सच है जिसके पीछे छूट गए इंसानों की गिनती करना अब शायद किसी के पास संभव नहीं बचा है। महानगरों की तर्ज पर स्मार्ट सिटी बनने की दौड़ में शामिल होते इन शहरी केंद्रों में विकास के नाम पर ऊंची इमारतें और फ्लाईओवरों का जाल तो तेजी से बिछ रहा है, लेकिन उस कंक्रीट के नीचे दबी मानवीय संवेदनाओं की नींव लगातार कमजोर होती जा रही है। व्यवस्था का विडंबनापूर्ण पहलू यह है कि जब भी इस समस्या पर बात होती है, बहस कागजी आंकड़ों और प्रशासनिक बैठकों तक सिमट कर रह जाती है। चौराहे पर खड़े होकर लाल बत्ती पर गाड़ियों के शीशे खटखटाने वाला हर एक चेहरा हमें यह चीख-चीख कर बताता है कि हमारी आर्थिक तरक्की के रथ पर हर किसी का अधिकार नहीं है। नीतियां बनती हैं, पुनर्वास के दावे होते हैं और विशेष अभियानों के नाम पर कुछ दिनों की खानापूर्ति भी कर ली जाती है, लेकिन हकीकत यह है कि सूरज ढलते ही वही चेहरे फिर से उसी कंक्रीट की शरण में लौट आते हैं। सवाल यह नहीं है कि चौराहे पर खड़े लोग यातायात को बाधित करते हैं या शहर की सुंदरता बिगाड़ते हैं, असली सवाल यह है कि हमने एक समाज के रूप में ऐसा कौन सा ताना-बाना बुन दिया है जहाँ एक बड़े वर्ग के पास जीने के लिए भीख मांगने या संघर्ष करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। जब तक हम शहरी विकास की परिभाषा को केवल चौड़ी सड़कों, मॉल और व्यावसायिक संकुलों तक सीमित रखेंगे, तब तक मानवीय संकट का यह चक्रव्यूह और अधिक गहराता जाएगा। विकास का वास्तविक पैमाना इस बात से तय होना चाहिए कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति सुरक्षित महसूस कर रहा है या नहीं। इसके लिए केवल सरकारी योजनाओं के भरोसे बैठने से काम नहीं चलेगा बल्कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थानीय निकायों को मिलकर एक ऐसा स्थायी तंत्र विकसित करना होगा जहाँ हर हाथ को काम और हर जरूरतमंद को बुनियादी सुरक्षा मिल सके। यदि हमने समय रहते इस अदृश्य होती मानवीय आबादी की सुधि नहीं ली, तो हमारी यह तथाकथित आधुनिक चमक सिर्फ एक ऐसा आवरण बनकर रह जाएगी जिसके भीतर मानवीय संवेदनाओं का दीया हमेशा के लिए बुझ चुका होगा।

## अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

# जब लक्ष्मण रेखा ने मां सीता से किया था मौन संवाद

रामायण के महासमर और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े कई प्रसंग ऐसे हैं जो सदियों से जनमानस की स्मृतियों में रचे-बसे हैं। वाल्मीकि रामायण से लेकर रामचरितमानस तक हर कथा का अपना एक अलौकिक विस्तार है। परंतु इन सबके बीच कुछ ऐसी क्षेपक कथाएं और लोक-प्रसंग भी प्रवाहित होते हैं जो मुख्य कथा से इतर एक सूक्ष्म दार्शनिक संदेश छोड़ जाते हैं। ऐसा ही एक अत्यंत मर्मस्पर्शी और अनसुना प्रसंग पंचवटी की उस पवित्र कुटिया से जुड़ा है, जहाँ रावण के छल से ठीक पहले लक्ष्मण ने कुटिया के चारों ओर एक सुरक्षा घेरा खींचा था जिसे इतिहास ने 'लक्ष्मण रेखा' के नाम से अमर कर दिया। घटना उस दोपहर की है जब पंचवटी के शांत वातावरण में अचानक एक स्वर्ण मृग की मायावी गूंज ने संपूर्ण परिवेश को झकझोर दिया था। माता सीता के मन में उस अद्वितीय मृग को प्राप्त करने की इच्छा जाग्रत हुई और उन्होंने श्रीराम को उसे पकड़ने के लिए भेज दिया। कुछ ही पलों में वन का वह एकांत चीत्कार और संकट की आशंका से भर उठा। दूर से लक्ष्मण को यह आभास हो गया कि उनके बड़े भैया किसी विकट परिस्थिति में फंस चुके हैं और भाभी सीता की सुरक्षा अब सबसे बड़ा धर्म बन गई है। कुटिया से बाहर निकलते समय लक्ष्मण का मन अत्यंत विचलित था। वे जानते थे कि ताड़का वध से लेकर खर-दूषण संहार तक उन्होंने जिन शक्तियों का सामना किया, यह वन उससे कहीं अधिक रहस्यमयी और मायावी ताकतों का केंद्र है। अपने प्राणों से प्रिय भैया और माता की रक्षा के लिए उन्होंने अपनी दिव्य शक्तियों, मंत्रों और संकल्प बल से कुटिया के चारों ओर एक ऐसा अग्नि-रेखा जैसी तेजस्विता वाला सुरक्षा घेरा खींच दिया, जिसे भेदना त्रिलोकी के किसी भी साधारण जीव, दानव या देवता के लिए असंभव था। लोक-कथाओं और कुछ प्राचीन पाण्डुलिपियों के क्षेपक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है कि जब लक्ष्मण उस पवित्र रेखा को खींच रहे थे, तब उस निर्जीव और सूक्ष्म लकीर में एक प्राण-तत्व जागृत हो गया था। माता सीता ने जब जिज्ञासावश उस रेखा की सीमा को देखा, तो उन्हें उस साधारण सी दिखने वाली रेखा में अनंत ब्रह्मांड और अनुशासन की एक अद्भुत शक्ति का अहसास हुआ। प्रसंग के अनुसार, जब लक्ष्मण जाने लगे तो उस रेखा ने एक पल के लिए मौन संवाद करते हुए माता सीता से कहा था– "हे जगत जननी, यह रेखा केवल मिट्टी या तिनकों से नहीं खींची गई है, बल्कि यह एक सेवक के समर्पण, मयार्दा की पराकाष्ठा और संयम की अग्नि से रचित है। जब तक आप इसके भीतर रहेंगी, तब तक कोई भी अधर्मी शक्ति आपको छू नहीं सकती। किंतु ध्यान रहे, जैसे ही तृष्णा, मोह या अहंकारवश इस अनुशासन का अतिक्रमण होगा, यह सुरक्षा चक्र स्वतः समाप्त हो जाएगा।"

# 'हर हाथ को काम: अब काम की नई संस्कृति चाहिए'

> "युवाओं को केवल डिग्री नहीं, काम का हुनर भी चाहिए। पढ़ाई के साथ बिजली, मशीन, कंप्यूटर, खेती, बागवानी, निर्माण, वाहन, खाद्य पदार्थ बनाने और दूसरे उपयोगी काम सिखाए जाएँ। इससे युवा केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि काम करने और काम पैदा करने वाले बनेंगे।

प्रोफेसर स्वामी ध्यान प्रेम

भारत में बेरोजगारी की चर्चा अक्सर नौकरी की संख्या तक सीमित रह जाती है। लेकिन असली सवाल इससे बड़ा है–क्या देश के हर सक्षम व्यक्ति को उसकी योग्यता और हुनर के अनुसार काम का अवसर मिल रहा है? करोड़ों युवा हाथ यदि काम से जुड़ जाएँ, तो यही हाथ भारत की सबसे बड़ी विकास शक्ति बन सकते हैं। इसलिए अब समय केवल नौकरी खोजने का नहीं, बल्कि काम की नई संस्कृति और रोजगार की नई सोच विकसित करने का है।।हमारा लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए–हर हाथ को काम, हर मेहनत को सम्मान और हर काम की उचित कमाई। काम केवल कमाई का साधन नहीं काम व्यक्ति को आत्मसम्मान देता है, जिम्मेदारी का एहसास कराता है और उसे अपने जीवन को अपने दम पर आगे बढ़ाने की ताकत देता है। इसलिए जो व्यक्ति काम करने में सक्षम है, उसे लगातार मुफ्त सुविधा का लाभार्थी बनाए रखने के बजाय काम, हुनर और कमाई का अवसर देना अधिक स्थायी रास्ता है। हाँ, जो बुजुर्ग, बीमार या वास्तव में असहाय हैं, उनकी मदद करना समाज और सरकार की जिम्मेदारी है। हमें काम की ऊँच-नीच की अपनी पुरानी सोच भी बदलनी होगी। किसान, मजदूर, ड्राइवर, सुरक्षा कर्मी, बिजली मिस्त्री, प्लंबर, बढ़ई, राजमिस्त्री, वेल्डर, मशीन चलाने वाला, दुकानदार और कारीगर–इनमें से कोई भी छोटा नहीं है। इनके बिना देश का रोजमर्रा का जीवन चल ही नहीं सकता। काम की पहचान उसके पद से नहीं, उसकी उपयोगिता और ईमानदारी से होनी चाहिए।

रोजगार बढ़ाने के लिए हमें काम के समय और काम की व्यवस्था पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। जहाँ काम की प्रकृति इसकी अनुमति दे, वहाँ तीन पालियों के स्थान पर चार पालियों की व्यवस्था की जा सकती है। इसका उद्देश्य किसी एक व्यक्ति से अधिक काम लेना नहीं, बल्कि काम का समय अधिक लोगों में बाँटना होना चाहिए। इससे एक ही कार्यस्थल पर अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है और उत्पादन तथा सेवाएँ लंबे समय तक चल सकती हैं।

कुछ क्षेत्रों में छह घंटे की काम की पाली भी रोजगार बढ़ाने का एक विकल्प हो सकती है। लेकिन इसे हर क्षेत्र पर थोपना उचित नहीं होगा। अस्पताल, परिवहन, खेती, सुरक्षा, कारखाने और कार्यालयों की जरूरत अलग-अलग है। इसलिए काम का समय काम की प्रकृति, सुरक्षा, उचित मजदूरी और श्रमिकों के अधिकारों को ध्यान में रखकर तय होना चाहिए।




यहाँ एक महत्वपूर्ण बात हमें समझनी होगी–देश की तरक्की का मतलब लोगों को लगातार काम में लगाए रखना नहीं है। काम और आराम एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि साथी हैं। लगातार थका हुआ व्यक्ति न बेहतर काम कर सकता है और न लंबे समय तक स्वस्थ रह सकता है। इसलिए लक्ष्य अधिक घंटे काम कराना नहीं, बल्कि उचित समय में अच्छा और पूरा काम करना होना चाहिए।

काम के समय ईमानदारी और पूरी जिम्मेदारी हो तथा आराम के समय शरीर, मन और परिवार को पर्याप्त समय मिले। सप्ताह में कम से कम एक पूरा दिन आराम जरूरी है। काम की प्रकृति और व्यवस्था के अनुसार दो दिन का साप्ताहिक अवकाश भी रखा जा सकता है। ड्राइवर, सुरक्षा कर्मी, मशीनों पर काम करने वाले और शारीरिक श्रम करने वाले लोगों के लिए बीच-बीच में पर्याप्त विश्राम और भी जरूरी है। इसलिए सही नीति का आधार होना चाहिए–न काम का जरूरत से ज्यादा बोझ और न काम से अनावश्यक दूरी। काम के समय काम और आराम के समय पूरा आराम। यही स्वस्थ काम की संस्कृति है।

छुट्टियों को लेकर भी संतुलन जरूरी है। आराम कर्मचारी का अधिकार है, लेकिन बिना जरूरत बार-बार काम रुकना भी उचित नहीं। जरूरी सामाजिक, राष्ट्रीय और धार्मिक अवसरों की छुट्टियाँ रहें, लेकिन ऐसी व्यवस्था बने कि उत्पादन, शिक्षा और जरूरी सेवाएँ अनावश्यक रूप से बाधित न हों। हमें छुट्टियाँ घटाने की नहीं, बल्कि काम और आराम के बीच सही संतुलन बनाने की बहस करनी चाहिए।

रोजगार का सबसे मजबूत रास्ता हुनर से होकर जाता है। आज एक तरफ काम की जरूरत है और दूसरी तरफ काम खोजने वाले लोग। समस्या कई बार दोनों के बीच सही जुड़ाव की होती है। ऐसी व्यवस्था विकसित होनी चाहिए जिससे यह पता चल सके कि किस व्यक्ति को कौन-सा काम आता है और किस क्षेत्र में किस तरह के लोगों की जरूरत है। बिजली का हुनर रखने वाले को बिजली का काम, वाहन चलाने वाले को परिवहन का काम और मशीन चलाने वाले को मशीन से जुड़ा काम मिले। युवाओं को केवल डिग्री नहीं, काम का हुनर भी चाहिए। पढ़ाई के साथ बिजली, मशीन, कंप्यूटर, खेती, बागवानी, निर्माण, वाहन, खाद्य पदार्थ बनाने और दूसरे उपयोगी काम सिखाए जाएँ। इससे युवा केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि काम करने और काम पैदा करने वाले बनेंगे।

गाँवों में रोजगार की बड़ी संभावनाएँ मौजूद हैं। खेती, पशुपालन, डेयरी, बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन और छोटे उद्योग ग्रामीण रोजगार को नई दिशा दे सकते हैं। गाँव में सम्मानजनक काम और उचित कमाई मिलेगी तो मजबूरी में शहरों की ओर पलायन कम होगा।

महिलाओं को भी रोजगार के अधिक अवसर देने होंगे। सुरक्षित कार्यस्थल, आने-जाने की सुविधा और उनकी जरूरत के अनुसार काम का समय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी तो परिवार और देश दोनों मजबूत होंगे।

लेकिन अच्छी काम की संस्कृति केवल कर्मचारी से नहीं बनती। काम देने वाले की भी जिम्मेदारी है कि उचित मजदूरी, सुरक्षित वातावरण, समय पर भुगतान, सम्मानजनक व्यवहार और जरूरी आराम उपलब्ध कराए। दूसरी ओर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह समय की कद्र करे, ईमानदारी से काम करे और अपनी जिम्मेदारी पूरी करे। काम देने वाले और काम करने वाले के बीच भरोसा ही मजबूत कार्य संस्कृति की नींव है। भारत के सामने आज सबसे बड़ा अवसर उसकी युवा शक्ति है। यदि इस शक्ति को सही शिक्षा, सही हुनर और सही काम से जोड़ दिया जाए, तो करोड़ों हाथ देश पर बोझ नहीं, देश की ताकत बन सकते हैं। अब समय है कि हम रोजगार को केवल सरकारी नौकरी के चश्मे से देखना बंद करें। हर काम को सम्मान, हर मेहनत को उचित मूल्य और हर सक्षम व्यक्ति को अवसर–यही नई दिशा होनी चाहिए।

भारत तब वास्तव में आत्मनिर्भर बनेगा जब उसका हर सक्षम नागरिक यह कह सके–''मेरे पास काम है, मेरे काम का सम्मान है और मेरी मेहनत से मेरे परिवार तथा देश का भविष्य बेहतर हो रहा है।''

काम माँगने वाला हर हाथ, काम करने वाला हाथ बने;

और काम करने वाला हर हाथ, भारत की ताकत बने।

# नेता मौज में, अफसर उदासीन, आगरा का भविष्य अधर में

बृज खंडेलवाल

कभी आगरा भारत के औद्योगिक नक्शे पर अपनी अलग पहचान रखता था। यह शहर केवल ताजमहल और पेठे के लिए नहीं जाना जाता था। यहां भट्टियां जलती थीं, कारखाने चलते थे और हुनर बिकता था। देश-विदेश में उद्योगों की पहचान थी। ताजमहल से ज्यादा कमाई व्यापार और उद्योगों से थी। आज वही आगरा औद्योगिक विकास की दौड़ में पिछड़ रहा है। तीन दशक पहले ताज बचाने के लिए उठाए गए कदम जरूरी थे। लेकिन उनकी कीमत आज भी आगरा और पूरे टीटीजेड को चुकानी पड़ रही है।

1990 के दशक में आगरा के उद्योगों पर संकट मंडराया। ताजमहल को प्रदूषण से बचाना राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से सख्त कदम उठाने शुरू किए। 1996 के ऐतिहासिक एम.सी. मेहता फैसले ने तस्वीर बदल दी। कोयला और कोक इस्तेमाल करने वाली इकाइयों को गैस अपनानी थी। या फिर उन्हें टीटीजेड से बाहर जाना था।

ताज ट्रेपेजियम जोन करीब 10,400 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसमें आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा शामिल हैं। राजस्थान का भरतपुर भी इसका हिस्सा है। यह इलाका पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील घोषित हुआ। करीब 292 प्रदूषणकारी इकाइयों पर कार्रवाई हुई। कई बंद हुईं, कई दूसरी जगह चली गईं। 2017 के एक सर्वे ने तस्वीर और साफ कर दी। 1996 तक चल रही करीब 1,168 इकाइयों में केवल 250 बचीं। बाकी बंद हुईं या दूसरे राज्यों की ओर निकल गईं। कई उद्यमी राजस्थान और मध्य प्रदेश चले गए। निवेश गया, रोजगार गया और औद्योगिक आत्मविश्वास भी कमजोर हुआ। हाँ एक सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या ताज को बचाने के लिए उद्योगों को खत्म करना जरूरी था? जवाब इतना सीधा नहीं है। पर्यावरण की हिफाजत जरूरी थी और आज भी है। लेकिन उद्योगों के लिए वैकल्पिक रास्ते तैयार करना भी जरूरी था। यहीं नीति और अमल के बीच बड़ी खाई दिखाई देती है।

आगरा की उद्यमशीलता पर कभी शक नहीं रहा। यहां लोगों ने हमेशा कम साधनों से बड़ा काम किया। कच्चा माल दूर-दराज के इलाकों से आता रहा। लोहा, कोयला, गैस, शीशे का कच्चा माल बाहर से आया। चमड़ा दक्षिण भारत से आया और फिर जूते बने। गुजरात और राजस्थान से सिलिका सैंड और सोडा ऐश आया। लौकी से पेठा बना और पूरी दुनिया तक पहुंचा।

यही आगरा की असली ताकत थी। यहां प्राकृतिक संसाधन कम थे, लेकिन हुनर भरपूर था। फाउंड्री, कांच, जूते और हस्तशिल्प ने पहचान बनाई। कारीगरों ने मामूली चीजों में भी बड़ी कीमत पैदा की। व्यापारियों ने छोटे कारोबार को बड़े बाजार से जोड़ा। लेकिन आज वही ऊर्जा ठहराव से जूझ रही है। आगरा का फुटवियर उद्योग अब भी सबसे मजबूत आधार है। यह सीधे और परोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार देता है। अनुमान है कि चार से पांच लाख आजीविकाएं इससे जुड़ी हैं। देश की घरेलू फुटवियर मांग में आगरा की हिस्सेदारी बड़ी है। निर्यात में भी शहर की पुरानी मजबूत मौजूदगी है। लेकिन बढ़ती लागत और वैश्विक प्रतिस्पर्धा ने मुश्किलें बढ़ाई हैं। फिरोजाबाद का कांच उद्योग भी अपनी पुरानी चमक खो चुका है। तकनीक बदली, लेकिन आधुनिकीकरण की रफ्तार धीमी रही। कभी कृषि उपकरण और पाइप बनाने वाली फाउंड्रियां भी सिकुड़ गईं। पारंपरिक उद्योगों के सामने ईंधन और प्रदूषण की पाबंदियां हैं। नई पीढ़ी को इनमें भविष्य कम दिखाई देता है।

इसका असर केवल कारखानों पर नहीं पड़ा। रोजगार की तलाश में गांवों से पलायन बढ़ा। कई युवा दिल्ली-एनसीआर की तरफ निकल गए। जहां मजदूरी बेहतर मिली, वहीं उन्होंने डेरा डाल लिया। आगरा में हुनर रहा, लेकिन अवसर कम होते गए। यह किसी भी शहर के लिए बेहद अफसोसनाक स्थिति है। सरकारों को भी पूरी तरह कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा। मूल प्रतिबंध सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से आए थे। वे आज की सरकारों से बहुत पहले के फैसले हैं। बाद की सरकारों ने गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों का वादा किया। लेकिन योजनाओं का जमीन पर असर असमान रहा। वर्तमान सरकार ने भी कई पहल की हैं। फुटवियर और हस्तशिल्प को ओडीओपी में बढ़ावा मिला है। कौशल प्रशिक्षण से बड़ी संख्या में कारीगर जुड़े हैं। नई फुटवियर और लेदर नीति भी सामने आई है। आगरा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की योजना बनी है। शास्त्रीपुरम में एसटीपीआई सुविधा भी पूरी हुई है। एक्सप्रेसवे और ग्रेटर आगरा की योजनाएं भी उम्मीद जगाती हैं। फिर भी असली अड़चनें खत्म नहीं हुई हैं।

अछनेरा का प्रस्तावित लेदर पार्क इसका बड़ा उदाहरण है। सालों से यह परियोजना कागजी और कानूनी पेच में फंसी है। जमीन अधिग्रहण और मुआवजे के बाद भी रास्ता साफ नहीं है। गैस की आपूर्ति भी कई बार उद्योगों के लिए संकट बनी। प्रदूषण नियंत्रण की अपनी चुनौतियां भी बरकरार हैं। सवाल यह नहीं कि ताज बचे या उद्योग। सवाल यह है कि दोनों साथ क्यों नहीं बच सकते? दुनिया में स्वच्छ तकनीक के साथ उद्योग चलते हैं। आगरा को भी उसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। भविष्य प्रदूषणकारी भारी उद्योगों में नहीं है। लेकिन स्वच्छ विनिर्माण, आईटी, डिजाइन और सेवाओं में है।

ताज की हिफाजत हमारी जिम्मेदारी है। लेकिन ताज की छाया में पलती युवा पीढ़ी भी हमारी जिम्मेदारी है। आगरा को केवल पर्यटन शहर बनाकर नहीं छोड़ा जा सकता। यह मेहनती लोगों और उद्यमियों का शहर भी है। उसकी औद्योगिक रूह को फिर से जगाना होगा। तीन दशक का अनुभव एक साफ सबक देता है। सिर्फ बंद करना आसान है, विकल्प बनाना मुश्किल।

अब विकल्प बनाने का वक्त है। साफ उद्योगों के लिए जमीन, गैस और बिजली चाहिए। अनुमतियों की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होनी चाहिए। अटकी परियोजनाओं पर तेज फैसला होना चाहिए। ताज चमकता रहे और कारखाने भी जलें। यमुना साफ रहे और रोजगार भी बढ़े। यही आगरा के लिए सही तरक्की होगी। वरना इतिहास गवाही देगा कि हमने ताज तो बचा लिया, लेकिन उसके आसपास की औद्योगिक दुनिया को मुरझाने दिया।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 8 सितंबर 2026 मंगलवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला वृश्चिक और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन संकटमोचन श्री हनुमान जी तथा भूमिपुत्र मंगल देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को चमेली का तेल और सिंदूर अर्पित करने तथा सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की समस्त बाधाएं दूर होती हैं और असीम आरोग्य पराक्रम तथा विजय प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपका पराक्रम और कार्य कुशलता चरम पर रहेगी जिससे आप कठिन से कठिन चुनौतियों को भी बहुत सरलता से पार कर लेंगे। भूमि और भवन से जुड़े पुराने मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे। हनुमान जी को बूंदी का भोग लगाएं जिससे आपके सभी रुके हुए कार्य तेजी से पूरे होंगे।

### वृष

आज आपको अपनी वाणी और भाषा शैली पर विशेष संयम रखने की आवश्यकता है अन्यथा परिजनों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। व्यापार में धन का लेन देन करते समय पूरी सतर्कता बरतें। किसी मंदिर में लाल मसूर की दाल दान करें जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी।

### मिथुन

आज आपकी तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सोच से व्यापार में अप्रत्याशित लाभ के सुंदर योग बन रहे हैं। नए संपर्क सूत्रों के माध्यम से करियर में प्रगति होगी। श्री राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपके यश और सम्मान में निरंतर वृद्धि होगी।




### कर्क

आज कार्यस्थल पर अधिक कार्यभार के कारण शारीरिक थकान और तनाव का अनुभव हो सकता है इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। शिवलिंग पर शहद अर्पित करें जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा और शांति मिलेगी।

### सिंह

आज आपकी राशि पर मंगल का शुभ प्रभाव बना रहेगा जिससे समाज और राजनीति के क्षेत्र में आपका वर्चस्व और प्रभाव बढ़ेगा। आय के नए स्रोत मिलने से मन अत्यंत प्रफुल्लित रहेगा। हनुमान जी के सम्मुख दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं स्वतः समाप्त होंगी।

### कन्या

आज प्रशासनिक और सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता प्राप्त होगी तथा उच्च अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यापारिक क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने के लिए समय उत्तम है। गरीब बच्चों को फल दान करें जिससे आपके भाग्य का द्वार खुलेगा।

### तुला

आज धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आपको आत्मिक संबल और परम शांति मिलेगी। भाग्य का पूर्ण साथ मिलने से सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। बहते जल में थोड़ा सा गुड़ प्रवाहित करें जिससे आपके कष्ट दूर होंगे।

### वृश्चिक

आज आपको वाहन चलाते समय और यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। व्यावसायिक निर्णयों में जल्दबाजी से बचें और अनुभवी लोगों से परामर्श लें। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ करें जिससे सभी गुप्त संकट समाप्त होंगे।

### धनु

आज दांपत्य जीवन में अपार मधुरता रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक कार्य पूरा होगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होने के मजबूत योग हैं। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपका प्रभाव बढ़ेगा।

### मकर

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं को परास्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आपके पक्ष में कोई राहत मिल सकती है। पक्षियों को लाल ज्वार या गेहूं डालें जिससे मन का भय समाप्त होगा।

### कुंभ

आज विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत शुभ और सफलता देने वाला रहेगा तथा अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी। कला और लेखन क्षेत्र से जुड़े जातकों को सम्मान मिलेगा। हनुमान चालीसा का वाचन करें जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी।

### मीन

आज आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और भूमि अथवा नए वाहन की खरीद-फरोख्त से जुड़ा निर्णय ले सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। गाय को गुड़ और रोटी खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और अखंड समृद्धि बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन भवन के दक्षिण कोण अथवा मुख्य द्वार को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां चमेली के तेल का दीपक प्रज्वलित करने तथा सिंदूर से स्वास्तिक निर्मित करने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा हनुमान जी की कृपा से दुर्घटना भय तथा नकारात्मक ऊर्जा का पूर्ण विनाश होता है।

# निगम और प्रोजेक्ट मथुरा ने जन्माष्टमी पर स्वच्छता को बनाया जन-आंदोलन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




क्या आस्था का महापर्व स्वच्छता का जन-आंदोलन बन सकता है? जन्माष्टमी 2026 पर नगर निगम मथुरा-वृन्दावन ने सभी के सहयोग से इसका सुंदर उदाहरण पेश किया।

जन्माष्टमी पर स्वच्छता का यह अभियान लगातार पांचवें साल चलाया गया। इस वर्ष नगर निगम मथुरा-वृन्दावन और प्रोजेक्ट मथुरा ने सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर अभियान को पहले से बड़ा रूप दिया।

अभियान की तैयारियां 15 अगस्त से शुरू हो गई थीं। नगर निगम ने भंडारा संचालकों के साथ लगातार तालमेल बनाए रखा। उन्हें समय पर पंजीकरण कराने, पर्याप्त कूड़ेदान रखने, प्लास्टिक का प्रयोग कम करने और आयोजन स्थल को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके चलते बड़ी संख्या में भंडारे पंजीकृत हुए।

बेहतर तालमेल के लिए नगर निगम के अधिकारियों, भंडारा संचालकों, प्रोजेक्ट मथुरा और क्यूउ टीम को एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया। इससे जरूरी जानकारी और स्वच्छता के संदेश सीधे सभी तक पहुंचते रहे।

भंडारा संचालकों के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता की वीडियो सीरीज भी तैयार की गई। सभी के बीच इस सीरीज में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश देने के लिए खास उत्साह दिखाई दिया।

जन्माष्टमी से एक दिन पहले नगर निगम और प्रोजेक्ट मथुरा की टीमों ने भंडारा स्थलों पर पहुंचकर संचालकों से बातचीत की और तैयारियों को देखा। जहां जरूरत थी, वहां पोस्टर एवं कूड़ेदानों की व्यवस्था भी कराई गई। रेलवे स्टेशन, बस डिपो, पार्किंग स्थलों और श्रीकृष्ण जन्मस्थान के आसपास श्रद्धालुओं से कान्हा की नगरी को स्वच्छ रखने की अपील की गई। नगर निगम की टीम एवं प्रोजेक्ट मथुरा की टीम ने भी मैदान पर लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान में सभी सहयोगी टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर निगम मथुरा-वृंदावन की कार्यदाई संस्था प्लान फाउंडेशन की टीम ने आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में लगातार लोगों को जागरूक किया। नगर निगम मथुरा-वृंदावन की कार्यदाई संस्था किंग सिक्योरिटी गार्ड एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं नेचर ग्रीन की पूरी टीम ने बड़ी संख्या में जन-जागरूकता और सामुदायिक सफाई अभियान चलाए। *हार्टफुलनेस* के स्वयंसेवकों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गेट नंबर एक के पास लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

जन्माष्टमी के दिन भी जागरूकता अभियान लगातार जारी रहा। नगर निगम की सफाई और कचरा उठाने वाली टीमें पूरे समय मैदान में सक्रिय रहीं।

नगर आयुक्त ओजस्वी राज के नेतृत्व में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन की पूरी टीम और प्रोजेक्ट मथुरा ने स्वच्छ ब्रज के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम किया।

प्रोजेक्ट मथुरा के संस्थापक सीए विपुल अग्रवाल ने बताया कि जहां भी कमी रही, उससे सीखकर अगली बार व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। अब राम बारात, अग्रसेन जयंती, अग्रसेन मेला, विभिन्न शोभायात्राओं और आने वाले शादी के सीजन में आयोजनों को पर्यावरण के अनुकूल, कम कचरे वाला और स्वच्छ बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ओजस्वी राज के नेतृत्व में नगर निगम और प्रोजेक्ट मथुरा की टीम आगे की योजनाओं पर भी मिलकर काम करेगी। यह केवल एक अभियान का समापन नहीं, बल्कि स्वच्छ ब्रज की एक मजबूत शुरूआत है। हम सबने ये ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है।

# जन्माष्टमी बाद जन्मभूमि क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

**150 से अधिक युवाओं ने किया श्रमदान, ब्रज को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लिया संकल्प**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



जन्माष्टमी पर्व के बाद जन्मभूमि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हार्टफुलनेस, जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और नगर निगन के संयुक्त तत्वावधान में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। ह्यब्रज वैभव अभियानह्ण के तहत आयोजित इस अभियान में 150 से अधिक युवाओं और स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर पर्व के बाद क्षेत्र में फैले कचरे को हटाया।

अभियान में मथुरा के अलावा आगरा, अलीगढ़, भरतपुर और मेरठ सहित अन्य शहरों तथा विभिन्न राज्यों से भी स्वयंसेवक पहुंचे। स्वयंसेवकों ने जन्मभूमि क्षेत्र और आसपास के प्रमुख स्थानों पर सफाई कर कचरे और प्लास्टिक को एकत्र किया। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते उत्पन्न कचरे को हटाकर क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को पुनः व्यवस्थित करने में स्वयंसेवकों ने योगदान दिया।

अभियान की अगुवाई हार्टफुलनेस के उत्तर प्रदेश समन्वयक अनुपम अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि ब्रज की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और श्रद्धालु की सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ब्रज क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जनभागीदारी जरूरी है।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने ह्लहम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना हैह्व का संदेश दिया और ब्रज को प्लास्टिक मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। स्वयंसेवकों ने लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील भी की।

अभियान में युवाओं की बड़ी भागीदारी ने स्वच्छता के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

# पुस्तक प्रदर्शनी एवं पुस्तकालय इन -आउट सिस्टम का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



राजभवन से प्राप्त निदेशों के क्रम में उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अभिजित मित्र के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ह्ल पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय ह्व को प्रोत्साहन देने के लिए विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी एवं पुस्तकालय डिजिटल इन-आउट सिस्टम का शुभारंभ किया गया ।

पुस्तक प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं शोधार्थियों को उपयोगी पुस्तकों से परिचित कराना तथा उनमें पठन पाठन एवं स्वा अध्ययन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है । प्रदर्शनी में पशु चिकित्सा विज्ञान, मत्स्य विज्ञान, डेरी प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, शोध एवं अन्य उपयोगी विषयों से संबंधित विभिन्न उपयोगी पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया ।

इस अवसर पर पुस्तकालय का डिजिटल इन-आउट सिस्टम का भी शुभारंभ किया गया । इस आधुनिक प्रणाली के माध्यम से पुस्तकालय में विद्यार्थियों एवं अन्य उपयोगकताओं के प्रवेश एवं निकास का व्यवस्थित एवं डिजिटल अभिलेख रखा जा सकेगा । इससे पुस्तकालय की सेवाओं को अधिक सुगम पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, कुलसचिव, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियाँ उपस्थित रहे ।

# श्रीकृष्ण के अवतरण के बाद अब होगा उनकी दिव्य लीलाओं का चित्रण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

**देशभर से 20 ख्यातिप्राप्त चित्रकार पहुंचेंगे गीता शोध संस्थान, सोमवार से शुरू होगा ह्यश्री कृष्ण नेशनल आर्ट वर्कशॉप–2026**

श्रीकृष्णोत्सव-2026 के अंतर्गत जन्माष्टमी के बाद अब भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को रंग और तूलिका के माध्यम से कैनवास पर साकार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान में 7, 8 एवं 9 सितंबर को तीन दिवसीय ह्यश्री कृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविरह्ण (श्री कृष्ण नेशनल आर्ट वर्कशॉप-2026) का आयोजन किया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय कला शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए 20 ख्यातिप्राप्त चित्रकार भगवान श्रीकृष्ण, राधा और उनकी दिव्य लीलाओं को अपनी-अपनी विशिष्ट कला शैलियों में चित्रित करेंगे। शिविर का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सीईओ श्रीमती लक्ष्मी नागपाल, आईएएस की उपस्थिति में होगा।

इसकी जानकारी देते हुए गीता शोध संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि इस आयोजन में 16 महिला और चार पुरुष चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पद्मश्री से सम्मानित मधुबनी शैली की प्रसिद्ध चित्रकार शांति देवी तथा राष्ट्रपति भवन में अपनी चित्र प्रदर्शनी लगा चुकीं कंचन प्रकाश प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा कई महिला चित्रकार देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों में कला विभाग में प्रोफेसर हैं। ललित कला अकादमी, एनसीईआरटी तथा विभिन्न मंत्रालयों के लिए कला एवं डिजाइन

# बिजली हादसे में मृत लाइनमैन के परिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी 2.50 लाख की सहायता



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी की पहल पर विद्युत विभाग और पीड़ित परिवार के बीच वार्ता सफल रही। हादसे में जान गंवाने वाले लाइनमैन स्वर्गीय दीपक के परिजनों को 2,50,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया।

विद्युत दुर्घटना में लाइनमैन दीपक के असामयिक निधन के बाद से परिवार गहरे सदमे में था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं मृतक के परिजनों को आमने–सामने बिठाकर वार्ता कराई, जिससे आपसी सहमति से समाधान का रास्ता साफ हुआ।

अध्यक्ष ने मृतक की माता गुड़िया देवी को ढाई लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक सौंपा। उन्होंने विद्युत विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि नियमानुसार मिलने वाली अन्य सभी सहायता राशि व विभागीय लाभ बिना किसी देरी के पीड़ित परिवार को दिलाए जाएं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा दु:ख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होना ही सच्ची जनसेवा है। परिवार को हरसंभव सहयोग और न्याय दिलाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता राजीव, उपखंड अधिकारी भुवनेश कुमार, अवर अभियंता राकेश कुमार यादव, अशोक यादव, ध्रुव साहू, संजय यादव, दीपक कुमार, संदीप कुमार तथा संगठन से जिला संयोजक प्रवेंद्र उर्फ गुड्डू, जिला अध्यक्ष रामकुमार कुंतल, संगठन मंत्री अशोक शर्मा, अंकित कौशिक व विजय मौजूद रहे। पीड़ित परिवार से माता गुड़िया, मौसी हेमा, मामा गौरव, मोनू एवं रजत उपस्थित थे।

## भाजपा नेता 200 घरों और दुकानों पर बांटी भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा ब्रज क्षेत्र के उपाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पौनिया ने नगर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने लगभग 200 घरों और दुकानों पर जाकर लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर भेंट की और जनपदवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अभियान के दौरान डॉ. पौनिया ने जन-संबोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का जो संदेश दिया था, आज भारतीय जनता पार्टी उसी मार्ग का अनुसरण कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही श्रीकृष्ण के आदर्शों, गीता के कर्मयोग और सनातन संस्कृति की सच्ची रक्षा करने वाली पार्टी है, तथा ब्रज का विकास और सनातन का सम्मान केवल भाजपा के माध्यम से ही संभव है।

## अवैध तस्करी के आरोप में आरोपी गिरफ्तार, साढ़े छः किलोग्राम गांजा बरामद

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को साढ़े छः किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार को अडीग बाईपास इलाके में की गई। पुलिस ने बरामद गांजे को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी अडीग प्रदीप भदौरिया अपनी टीम के साथ इलाके में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अडीग बाईपास पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर गोविंद पुत्र सोना, निवासी ग्राम जिखनगांव को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से साढ़े छः किलो गांजा मिला। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया के साथ कांस्टेबल राम सुंदर, अमित कुमार और सुशील कुमार भी शामिल थे। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांजे को जब्त कर लिया। चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया ने बताया कि पुलिस मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार नजर रख रही है और कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में अडीग बाईपास से गोविंद को साढ़े छः किलो गांजे के साथ पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है। पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

## विधायक को दिया वामन भगवान शोभायात्रा का निमंत्रण

**मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मथुरा-वृंदावन विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से उनके निज निवास राधा वैली पर मुलाकात की। समिति पदाधिकारियों ने उन्हें आगामी 23 सितंबर 2026 को अंगूरी वाटिका, डीग गेट से निकाली जाने वाली श्री वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने समिति के पदाधिकारियों का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने शोभायात्रा के आयोजन के लिए समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी गौरवशाली सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना को भी मजबूती मिलती है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकियां, बैंड एवं अन्य आकर्षण शामिल रहेंगे। शोभायात्रा को लेकर समिति द्वारा संत-महंतों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# आगरा-अलीगढ़ मंडल में जल्द गठित होंगी उपज की नई इकाइयां: अतुल जिंदल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को विधायक निवास-2, दारुलशफा स्थित कॉमन हॉल में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े पांच प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए।

पारित प्रमुख प्रस्ताव में 60 वर्ष की आयु के बाद पत्रकारों को पेंशन।,उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना।, पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा। राज्य संपत्ति विभाग के गेस्ट हाउस में समान दर। जिलों में स्थायी समिति का गठन होना रखा गया। उपज मथुरा इकाई के जिलाध्यक्ष एवं आगरा-अलीगढ़ मंडल प्रभारी अतुल कुमार जिंदल ने कहा कि मंडल के सभी जिलों में श्उपजश की नई इकाइयों का जल्द गठन किया जाएगा, जिससे पत्रकारों की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। मुख्य अतिथि जनता दल (सेकुलर) के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने पत्रकारिता को लोकतंत्र की मार्गदर्शक बताया। मुख्य वक्ता एपीएन न्यूज के प्रधान संपादक ने जोर देकर कहा कि पत्रकारों की पेंशन कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। समारोह के दौरान मथुरा के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल, जिला कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंघल को सम्मानित किया गया। इस बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने किया।

# थाना रिफाइनरी पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** जनपद के थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे चंद्रवीर उर्फ छोटू पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र टीकम सिंह उर्फ टीकाराम निवासीगण मीरा नगर, आजमपुर, थाना रिफाइनरी को सुबह करीब 11:20 बजे बरेली एक्सप्रेस-वे पर मदनपुरा पुल से बाद की ओर (लगभग 200 मीटर की दूरी पर) चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर इन्हें गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना रिफाइनरी में गत 20 जून 2026 को मु0अ0सं0 168/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं (धारा 115(2), 352, 351(2), 109(1), 117(3), 3(5), 103(1)) में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान चन्द्रवीर और राजकुमार का नाम प्रकाश में आया था। पूर्व में भी थाना रिफाइनरी में मु0अ0सं0 258/2025 (धारा 109(1)/115(2)/190/191(2)/191(3)/352 बीएनएस) दर्ज है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल, निरीक्षक अपराध प्रमोद कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, और कांस्टेबल नरवेन्द्र सिंह, सोमेश यादव व आकाश कुमार शामिल रहे।

## मथुरा में युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न: राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सेवा का लिया संकल्प

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा के परिणय गार्डन में भव्य युवा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 200 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजीत प्रसाद महापात्र (अखिल भारतीय गौ सेवा संयोजक), कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा राठी (रोजगार दीदी एवं सचिव, खजानी वेलफेयर सोसायटी) रहे। मुख्य वक्ता अजीत प्रसाद महापात्र ने कहा कि वंदे मातरम्‍ केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रभाव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से ह्यमैं और मेरा परिवारह्ण से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

# बैलगाड़ियों से धरना स्थल पहुंचे किसान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



छाता चीनी मिल की मांग को लेकर भूतपूर्व सैनिक किसान एवं ग्रामीणों का धरना रविवार को 25वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ियों के साथ पहुंचे। किसानों की भारी भीड़ से आंदोलन स्थल पर दिनभर माहौल गर्म रहा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही।

आंदोलन को समर्थन देने के लिए कमई, पिसावा, रनवारी, नरी, सेमरी, साखी, अलवाई, उमराया, उन्दी, दद्दूगढ़ी, बुखरारी, बरका, शेरनगर, सुपाना, कोटवन, गोहारी, भादवल, खायरा, आजनौक सहित दर्जनों गांवों से किसान धरना स्थल पर पहुंचे। गांव कमई से किसानों का काफिला बैलगाड़ियों के साथ जब धरना स्थल की ओर पहुंचा तो प्रदर्शनकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। किसानों ने ह्लजय जवान, जय किसानह्व के नारे लगाए। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार के सामने रखते आ रहे हैं। एक किसान नेता ने कहा, ह्लसीधी उंगली से घी नहीं निकलता तो उंगली टेढ़ी करनी पड़ती है ह्व उन्होंने कहा कि यदि किसानों की जायज मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सभा के दौरान कुछ किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा प्रवास का जिक्र करते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री किसानों की पीड़ा समझते तो छाता आकर धरना स्थल पर किसानों से संवाद करते। किसानों ने कहा कि ब्रजवासी प्रेम और सम्मान के लिए जाने जाते हैं और वे चाहते हैं कि सरकार उनकी भावनाओं को समझे।

किसानों ने कहा कि छाता में जिस स्थान पर चीनी मिल थी, वहां उनकी मांग स्पष्ट है कि चीनी मिल पुनः स्थापित होनी चाहिए। उनका कहना है कि क्षेत्र के किसानों की आजीविका और भविष्य इस मांग से जुड़ा हुआ है।

धरना स्थल पर देर शाम तक किसान नेताओं के संबोधन और नारेबाजी का दौर चलता रहा। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# जनगणना की तैयारियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आंकड़ों की शुद्धता, कार्मिकों की उपलब्धता और क्षेत्रवार सही व्यवस्था सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण कार्य केवल अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे न छोड़े जाएं।

बैठक में मानव संसाधन, प्रशिक्षण, हाउसहोल्ड लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) के पुनर्गठन, ड्यूटी आवंटन और उपलब्ध आंकड़ों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों की वास्तविक उपलब्धता नहीं है या जो ड्यूटी करने की स्थिति में नहीं हैं, उनके नाम सूची में शामिल न किए जाएं।

उन्होंने निर्धारित 70 फील्ड ट्रेनरों के चयन एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। अनुभवी और सक्षम पर्यवेक्षकों में से फील्ड ट्रेनरों का चयन करने तथा प्रशिक्षण के दौरान संबंधित कार्मिकों को उनके नियमित दायित्वों से कार्यमुक्त रखने को कहा।

जनगणना कार्य के लिए लगभग 717 अतिरिक्त प्रगणकों की संभावित आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संभावित अधिकतम आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त कार्मिकों का डाटाबेस तैयार रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल व्यवस्था की जा सके।

एचएलबी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां आबादी या कार्यभार अधिक हो गया है, वहां आवश्यकता के अनुसार एचएलबी को दो भागों में विभाजित किया जाए और प्रत्येक भाग के लिए अलग प्रगणक की व्यवस्था हो। यह निर्णय पोर्टल और एक्सेल शीट में उपलब्ध वास्तविक आंकड़ों का परीक्षण करने के बाद ही लिया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को पिछली जनगणना और वर्तमान आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करने, जनसंख्या में वृद्धि या कमी वाले क्षेत्रों की जांच करने तथा सड़क के दोनों ओर स्थित मकानों और संपत्तियों का सही चिन्हांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कोई परिवार या मकान गणना से छूट न जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय और तहसीलदारों को स्वयं पोर्टल पर बैठकर अपने क्षेत्रों के आंकड़ों की समीक्षा करने को कहा।

■ जिलाधिकारी, अधिकारी स्वयं पोर्टल पर करें आंकड़ों का परीक्षण, एचएलबी के पुनर्गठन और कार्मिकों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश

उन्होंने पुराने अनुभवी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को बिना उचित कारण न बदलने तथा किसी भी बदलाव के लिए सक्षम अनुमति आवश्यक होने की बात कही। विद्यालयों में ड्यूटी आवंटन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्मिकों की कमी के कारण कोई विद्यालय प्रभावित नहीं होना चाहिए। विद्यालयवार उपलब्ध कार्मिकों का सही डाटा तैयार कर उसी के आधार पर ड्यूटी लगाई जाए।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय, भुगतान और वैधानिक कटौतियों से संबंधित समस्याओं को भी बैठक में उठाया गया। जिलाधिकारी ने पारदर्शिता के साथ भुगतान की स्थिति की समीक्षा करने तथा कर्मचारियों की समस्याएं सीधे सुनने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनगणना की तैयारियां केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्थिति के अनुरूप हों। सभी अधिकारी पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों का परीक्षण कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें और एचएलबी, कार्मिक, प्रशिक्षण, ड्यूटी आवंटन तथा संभावित जनसंख्या वृद्धि से संबंधित समेकित डाटाबेस तैयार रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनंद, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, खंड शिक्षाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# किशनी क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा, दवा लेकर लौट रही महिला की मौत से परिवार में कोहराम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, किशनी/मैनपुरी।



किशनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोम्होंल शहर बाईपास मार्ग पर रविवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजरंग पेट्रोल पंप के निकट एक अनियंत्रित और तीव्र गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह खौफनाक हादसा घटित हुआ।

इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में बाइक पर सवार मधाइश गांव (थाना कोतवाली) निवासी 32 वर्षीय रिंकी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। हादसे के वक्त वह अपने पति नीरज और ढाई साल के मासूम बच्चे के साथ मेडिकल स्टोर से दवाइयां लेकर अपने घर की ओर वापस लौट रही थीं, तभी यह तेज रफ्तार वाहन उनकी खुशियों पर भारी पड़ गया।

घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें फौरन जिला चिकित्सालय के आपातकालीन वार्ड लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस अकास्मिक निधन से शोकाकुल परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं कोतवाली प्रभारी फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात वाहन की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही वाहन को हिरासत में लेकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मैनपुरी में महाराजा तेज सिंह 'जूदेव' की शोभायात्रा को लेकर क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक, सौरभ राठौर बने संयोजक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा तेज सिंह 'जूदेव' की स्मृति में आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर के एक गेस्ट हाउस में रविवार को क्षत्रिय कल्याण परिषद के बैनरतले आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सौरभ राठौर को शोभायात्रा का संयोजक चुना गया। बैठक में वक्ताओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क करने पर जोर दिया।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू कुशवाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा तेज सिंह 'जूदेव' ने वर्ष 1857 में अंग्रेजों को मैनपुरी से खदेड़कर क्षेत्र को स्वतंत्र कराया था। उन्होंने आह्वान किया कि उनकी स्मृति में आयोजित होने वाली इस शोभायात्रा में जिलेभर से अधिक से अधिक लोग भाग लें, जिसके लिए अभी से प्रचार और जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया जाना चाहिए।

पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान ने कहा कि महाराजा तेज सिंह 'जूदेव' ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना अंग्रेजों से कड़ा मुकाबला किया था। उनकी वीरता को समर्पित इस यात्रा को भव्य रूप देने के लिए सभी को पूरी निष्ठा के साथ जुटना होगा। वहीं, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने शोभायात्रा में जनसहभागिता बढ़ाने के वास्ते गांव-गांव जाकर संपर्क करने की आवश्यकता पर बल दिया। शीलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी दी कि संयोजक के कार्यों में सहयोग के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला महामंत्री प्रदीप चौहान, संजू चौहान देवपुरा और पूर्व संयोजक अतुल चौहान शामिल हैं। बैठक के प्रारंभ में अतिथियों ने महाराजा तेज सिंह 'जूदेव' के चित्र पर माल्यार्पण किया। संयोजक पद के लिए चुने गए सौरभ राठौर का उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप चौहान ने किया तथा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# काली नदी में छलांग लगाने वाले युवक की तलाश चौथे दिन भी जारी, पुलिस और एसडीआरएफ कर रही है रेस्क्यू ऑपरेशन

टीएनएफ टुडे, भोगाव/ मैनपुरी।




भोगांव क्षेत्र के जसराजपुर के पास स्थित काली नदी में गुरुवार को पत्नी से हुए विवाद के बाद घर से निकले रकरी निवासी बलवीर ने अचानक छलांग लगा दी थी। घटना के वक्त नदी में पानी का बहाव काफी तेज था और मौके पर मौजूद लोग चाहकर भी उसे बचाने के लिए पानी में नहीं उतर सके।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शुरूआत में भोगांव और फरुर्खाबाद पुलिस के बीच सीमा विवाद और कार्यक्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। इस प्रशासनिक देरी से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया, जिसके बाद उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई।

शनिवार देर शाम तक एसडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने नदी के गहरे पानी तथा बहाव की दिशा में कई किलोमीटर तक मोटरबोट व अन्य संसाधनों से सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, लगातार चार दिनों की कड़ी मशक्कत और संभावित स्थानों पर खोजबीन के बावजूद बलवीर का अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है।

रविवार को चौथे दिन भी राहत और बचाव कार्य जारी रखते हुए एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन का दायरा और आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही, पुलिस ने आगे पड़ने वाले फाटकों और स्थानो को भी सतर्क कर दिया है ताकि किसी भी अनहोनी या संदिग्ध वस्तु के मिलने पर तुरंत सूचना साझा की जा सके।



## नौनिहालों की सुरक्षा रामभरोसे , स्कूल के समय गेट सहित पिलर गिरा

**घिरोर।** कस्बा में एक लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। जहां स्कूल समय में दरवाजे का एक हिस्सा टूटकर गिर पड़ा । यह गनीमत रही कि कोई बच्चा चपेट में नहीं आया। कस्बा के थाना के पीछे बने हुए कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय घिरोर का स्कूल के समय में दरवाजे का एक हिस्सा पिलर के साथ भर भराकर गिर पड़ा। बच्चे उस समय स्कूल में पढ़ रहे थे यह अच्छा रहा कि कोई बच्चा या राहगीर चपेट में नहीं आया। वार्ड के सभासद मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पिलर में पहले से ही दरार थी अगर समय रहते ही मरम्मत हो जाती तो दरवाजा नहीं गिरता। दरवाजे को टूटे हुए भी एक महीने का समय बीत चुका है और गली में ही पड़ा हुआ है अभी तक गेट पिलर सही नहीं हो सका जिसके चलते स्कूल में आवारा पशु घूमते रहते है। जिससे परिसर में गंदगी होती है। खंड शिक्षा धिकारी रविप्रकाश ने बताया कि मामले की जानकारी है और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से बनवाने के लिय बात की गई है उन्होंने जल्द बनवाने के लिए अवगत कराया है ।

## मैनपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सघन रात्रिकालीन अभियान में 23 वांछित और वारंटी अपराधी गिरफ्तार

**मैनपुरी।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मैनपुरी पुलिस ने एक व्यापक धरपकड़ अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, गणेश प्रसाद साहा के कड़े निदेर्शों के तहत जनपद स्तरीय पुलिस द्वारा वांछित, वारंटी और जिला बदर अभियुक्तों के खिलाफ शनिवार को एक विशेष अभियान संचालित किया गया। इस सघन कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसके तहत जिले भर से कुल 23 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा जारी की गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत पकड़े गए 23 अभियुक्तों में 17 वारंटी और 06 वांछित अपराधी शामिल हैं। पुलिस इन सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर रही है। जिले के विभिन्न सर्किलों और थानों की पुलिस टीमों ने मिलकर रात के समय इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। थानावार गिरफ्तारी के विवरण पर नजर डालें तो सिटी सर्किल के अंतर्गत कोतवाली थाने की पुलिस ने 1 वारंटी और 2 वांछित अपराधियों को पकड़ा है, जबकि एलाऊ थाने ने 2 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। इस अभियान में सबसे अधिक गिरफ्तारियां भोगांव सर्किल में दर्ज की गई हैं। भोगांव सर्किल के किशनी थाने ने 4 वारंटी और 1 वांछित, बेवर थाने ने 2 वारंटी और 3 वांछित, तथा भोगांव थाने ने 2 वारंटी अभियुक्तों को धर दबोचा है। इसी क्रम में कुरावली सर्किल के कुरावली थाने ने 3, घिरोर ने 1 और औंछा ने 1 वारंटी को गिरफ्तार किया है। करहल सर्किल के अंतर्गत बरनाहल थाना पुलिस ने भी 1 वारंटी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जनपदीय पुलिस द्वारा रात के समय चलाए गए इस औचक अभियान से स्थानीय अपराधियों में हड़कंप का माहौल है। मैनपुरी पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वारंटी और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध यह धरपकड़ अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## मैनपुरी एसपी की बेटी आद्या ने रचा इतिहास, 8.7 लाख विद्यार्थियों में बनीं नंबर-1

**मैनपुरी।** मैनपुरी के पुलिस अधीक्षक की बेटी आद्या सहा ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 13वें इंडिया जीनियस अवॉर्ड में 8.7 लाख विद्यार्थियों में प्रथम स्थान हासिल कर जिले और परिवार का नाम रोशन किया। आद्या ने परीक्षा में 200 में 200 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि को खास बनाते हुए उन्हें अब तक की सबसे कम उम्र की जीनियस के रूप में सम्मानित किया गया। लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी स्थित होली पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव ने आद्या को गोल्ड मेडल, लैपटॉप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रधान के अनुरोध पर पीडब्ल्यूडी विभाग का तत्काल बड़ा एक्शन

### ग्राम पंचायत सहन में सड़क किनारे कटीली झाड़ियों की कराई गई सफाई, जेसीवी से सड़क किनारे हुआ साफ-सफाई का कार्य

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।



ग्राम पंचायत सहन में ग्रामीणों की सुविधा और सड़क सुरक्षा को लेकर ग्राम प्रधान एवं प्रशासक अनीता देवी की सराहनीय पहल सामने आई है। प्रधान के अनुरोध पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे उगी कटीली झाड़ियों एवं अनावश्यक वनस्पति की सफाई कराई।

सड़क के दोनों ओर झाड़ियां बढ़ जाने के कारण राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही मोड़ एवं सड़क किनारे झाड़ियों के कारण वाहनों को देखने में भी दिक्कत हो रही थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए प्रधान अनीता देवी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से सड़क किनारे सफाई कराने का अनुरोध किया।

प्रधान के अनुरोध पर विभाग ने तत्काल जेसीवी मशीन के माध्यम से सड़क किनारे उगी झाड़ियों और कचरे को हटवाकर सफाई का कार्य कराया। कार्रवाई के बाद सड़क किनारे का क्षेत्र साफ-सुथरा नजर आने लगा और आवागमन भी सुगम हुआ।

प्रधान अनीता देवी ने कहा, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराना हमारी प्राथमिकता है। सड़क किनारे झाड़ियों के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। पीडब्ल्यूडी विभाग से अनुरोध किया गया, जिस पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। इसके लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोवरन सिंह यादव ने कहा, ह्वग्रामीणों की छोटी से छोटी समस्या को गंभीरता से लेकर उसका समाधान कराना जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई होने से ग्रामीणों और राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। प्रधान अनीता देवी ने ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से उठाकर सराहनीय कार्य किया है ह्व ग्रामीणों ने भी सड़क किनारे सफाई कराए जाने पर प्रधान अनीता देवी और पीडब्ल्यूडी विभाग की पहल की सराहना की।



## महाराजा अग्रसेन की मूर्ति का प्रथम स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया

**घिरोर।** कस्बे के अग्रवाल समाज के द्वारा स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन और भंडारे का आयोजन किया गया। समिति सदस्य रिशु अग्रवाल ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व आज के ही दिन अग्रकुल प्रणेता महाराजा अग्रसेन की मूर्ति की स्थापना कस्बे में हुई थी । मूर्ति के स्थापना दिवस के अवसर पर साज – सज्जा और माल्यार्पण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

वर्तमान में हरियाणा में स्थित अग्रोहा राज्य के राजा अग्रसेन महाराज के राज्य में कोई भी व्यक्ति भूख नहीं सो सकता था । अपने राज्य में आने वाले व्यक्ति को राज्य के नागरिकों द्वारा एक ईंट और 1 रुपया देकर उसे संबल प्रदान किया जाता था । आज भी इस परंपरा का निर्वाहन अग्रवाल समाज करने की कोशिश करता है । असहाय, जरूरतमंद की मदद ही सच्चा धर्म है।

इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल , आलोक गर्ग , बालगोविंद अग्रवाल , अतुल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल , मुकेशकांत अग्रवाल , संजय अग्रवाल , प्रवीण अग्रवाल , सुकेतभूषण गर्ग, अनुज अग्रवाल , पुलकित , अर्पित आदि लोग मौजूद रहे।

# मैनपुरी में बिछवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डीसीएम से 23 पेटी अवैध शराब बरामद



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।

बिछवां थाना पुलिस और एवीटी टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक डीसीएम से हरियाणा राज्य की 23 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका मालिक मौके से फरार हो गया।

बताते चले कि 5 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आयशर डीसीएम में बैट्री, इन्वर्टर, फ्रीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान के बीच छिपाकर हरियाणा की अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना पर ग्राम खिरिया के पास जीटी रोड पर डीसीएम संख्या वढ-17-अळ-4615 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान और फ्रीज के बीच छिपाकर रखी 23 पेटी रॉयल स्टैग एवं मैजिक मोमेंट शराब बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 1.80 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने शराब को गाजियाबाद से समस्तीपुर, बिहार ले जाने की बात बताई।

पुलिस ने मौके से अजीत कुमार पुत्र जाहर सिंह निवासी राजलपुर सोनई, थाना कुरावली, मैनपुरी, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से तलाशी में 610 रुपये नकद और टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ।

■ इलेक्ट्रॉनिक सामान और फ्रीज के बीच छिपाकर हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, मामले में अजीत कुमार का मालिक बताया जा रहा ओम प्रकाश राठौर पुत्र छत्तर सिंह निवासी मुकारी, जिला बागपत फरार है। आरोपी के खिलाफ थाना बिछवां में मु0अ0सं0 246/2026, धारा 60, 63, 72 आबकारी अधिनियम एवं धारा 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# कीचड़युक्त रास्ते से निकलने को मजबूर मोहल्लेवासियों ने किया प्रदर्शन

### कई बार हो चुका नाप , पर नहीं बन सकी सड़क

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, घिरोर।



कस्बे में कीचड़ युक्त गली से निकलने को मजबूर मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क बनवाने की मांग की।

कस्बे के नाहिली रोड निहाल पब्लिक स्कूल के सामने रहने वाले लोग कई वर्षों से कीचड़ युक्त गली से निकलने को मजबूर हैं । मोहल्ले वासियों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क बनवाने की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल संजू चौहान ने बताया कि हम लोग कई वर्षों से कीचड़युक्त रास्ते से निकलने को मजबूर हैं कई बार नपाई हो चुकी लेकिन सड़क नहीं बन सकी जब कि चेयरमैन के परिजनों के जहां प्लॉट हैं वहां बनी हुई सड़क खोदकर दोबारा बना दी गई।

मोहम्मद शमशेर ने बताया कि कीचड़युक्त रास्ते से निकलने में बहुत परेशानी होती है अक्सर मोटरसाइकिल फिसल जाती है और चोटिल हो जाते हैं वहीं पास में एक थोड़े दिन पहले सड़क बनी है जहां केवल एक घर बना है । मोहित कुमार ने कहा कि वह पांच वर्ष से यहां रह रहे हैं कोई सुनवाई नहीं हो रही बारिश से पहले नपाई कर दी जाती है फिर नगर पंचायत के लोग भूल जाते हैं। मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क बनवाने की मांग की है।

अधिशासी अधिकारी लेखराज भारती से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि प्रस्ताव भेज दिया गया है। बजट आते ही निर्माण कार्य आरंभ करा दिया जाएगा।

# कासगंज में शिक्षा की 'लूट' के खिलाफ मोर्चा: अम्बेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू

## 100% ठउएफ्छ लागू करने और री-एडमिशन फीस पर रोक समेत 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े अभिभावक

टीएनएफ टुडे, कासगंज।




जनपद में शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं, अनाप-शनाप फीस वसूली और नियमों की अनदेखी से आजिज आ चुके कासगंज के अभिभावकों और समाजसेवियों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। 'शिक्षा को लूट से मुक्त करो जन आंदोलन' के बैनर तले रविवार को सोरों गेट स्थित अम्बेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण सत्याग्रह की शुरूआत हो गई।

आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि निजी विद्यालयों में नियमों का मखौल उड़ाया जा रहा है, जिससे आम अभिभावकों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे आंदोलन के संयोजक हरवीर सिंह भारतीय ने जोर देकर कहा कि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष, विद्यालय या संस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, नियमों के सख्त पालन और जवाबदेही को तय कराने के लिए है।

अभिभावकों की 10 प्रमुख मांगें, जिन पर टिकी है आर-पार की लड़ाईः

जिले के सभी निजी विद्यालयों में 100 प्रतिशत ठउएफ्छ की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू की जाएं।

डोनेशन, कैपिटेशन फीस, री-एडमिशन फीस और अन्य सभी तरह के अनधिकृत शुल्कों पर तत्काल रोक लगे।

प्रत्येक विद्यालय अपनी पूरी फीस संरचना (Fee Structure) को सार्वजनिक और पारदर्शी बनाए।

नियमानुसार और निर्धारित मानकों के भीतर ही फीस वृद्धि की इजाजत दी जाए।

कम से कम 5 वर्षों तक स्कूल यूनिफॉर्म में कोई अनावश्यक बदलाव न किया जाए।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act) के तहत गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का शत-प्रतिशत प्रभावी पालन हो। अभिभावकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला स्तर पर एक पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए।

> ■ शांतिपूर्ण आंदोलन से कासगंज के अभिभावकों में जगा उम्मीद का सवेरा, हरवीर सिंह भारतीय बोले- 'लड़ाई व्यक्तिगत नहीं, व्यवस्था बदलने की है'

विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा हो और उन्हें समय पर सम्मानजनक वेतन भुगतान सुनिश्चित हो।

पूर्व में गठित जाँच समिति की रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक किया जाए तथा दोषी विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई हो। समूची शिक्षा व्यवस्था में प्रशासनिक और नैतिक जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

लोकतांत्रिक रहेगा आंदोलन, नागरिकों से जुड़ने की अपील

सत्याग्रह में जुटे कार्यकताओं ने साफ किया कि यह पूरा आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संविधान सम्मत रहेगा। इस दौरान आम नागरिकों की सुविधा और कानून-व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

संयोजक हरवीर सिंह भारतीय ने कासगंज के सभी आम नागरिकों और अभिभावकों से इस लड़ाई में साथ आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, "हमारा मकसद एक ऐसा माहौल बनाना है जहां बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे और अभिभावकों को शोषण से राहत मिले।"

सत्याग्रह स्थल पर महेन्दर सिंह, संदीप यादव, हिमांशु, नासिर खान, योगेश यादव, ज्योति वाले बाबा, हरिहर, रणवीर सिंह, अमित चौहान, प्रवेंदर सिन्हा, नरेंद्र यादव और ऋतिक यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# हेडफोन और बांसुरी वाले 'डिजिटल कान्हा' की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल, सोरों की 6 वर्षीय कनिष्ठा ने जीता लोगों का दिल

टीएनएफ टुडे, सोरों।



तीर्थ नगरी सोरों में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप में सजी छह वर्षीय कनिष्ठा उपाध्याय उर्फ लड्डू इन दिनों सोशल मीडिया पर आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कान्हा के रूप में सजी कनिष्ठा की तस्वीरें फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

कनिष्ठा को जन्माष्टमी के अवसर पर बेहद मनमोहक अंदाज में कान्हा के रूप में सजाया गया। पीले रंग की पोशाक, माथे पर आकर्षक तिलक, गले में मोतियों की माला और हाथों में बांसुरी लिए उनका पारंपरिक कृष्ण स्वरूप लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

लेकिन कनिष्ठा की एक तस्वीर ने खास तौर पर लोगों का ध्यान खींचा है। इस तस्वीर में वह कान्हा के पारंपरिक रूप के साथ हेडफोन लगाए हुए नजर आ रही हैं, जिसके चलते उनका यह अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी वजह से लोग उन्हें प्यार से ह्यडिजिटल कान्हाह्न कह रहे हैं।

कनिष्ठा उपाध्याय, तीर्थ नगरी सोरों निवासी पत्रकार सचिन उपाध्याय एवं मीनू उपाध्याय की पुत्री हैं। वह आनंद पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में अध्ययनरत हैं। बताया जाता है कि कनिष्ठा अपने माता-पिता के साथ कॉमेडी वीडियो और रील्स में भी नजर आती रहती हैं और सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी पहचान बन रही है।

जन्माष्टमी पर कान्हा के रूप में सामने आई उनकी तस्वीरों को लोगों की खूब सराहना मिल रही है। खासकर बांसुरी, पारंपरिक कृष्ण वेशभूषा और हेडफोन के अनोखे संगम वाली तस्वीर लोगों को आकर्षित कर रही है। सोशल मीडिया यूजर्स इस नन्हे ह्यडिजिटल कान्हाह्न की मासूमियत और अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

फोटो में नजर आ रहा कनिष्ठा का यह अनोखा कृष्ण स्वरूप अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और सोरों की इस नन्ही कान्हा की तस्वीरें लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

# कासगंज में बस की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, चालक फरार

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



कोतवाली क्षेत्र के बिलराम गेट स्थित कब्रिस्तान के समीप रविवार सुबह एक अनियंत्रित प्राइवेट बस की टक्कर से टीवीएस विक्की सवार बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रविवार की सुबह करीब 11:00 बजे उस समय हुआ जब बुजुर्ग अपने गांव से घरेलू सामान खरीदने कासगंज आ रहे थे। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ढोलना थाना क्षेत्र के ग्राम करसरी निवासी सोपाली सिंह (72) पुत्र मानसिंह रविवार सुबह अपनी विक्की से घरेलू सामान लेने के लिए कासगंज शहर आ रहे थे। मृतक के भाई मानपाल ने बताया कि जब सोपाली सिंह बिलराम गेट स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंचे, तभी बिलराम की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस (संख्या UP 81BT 5272) के चालक ने विक्की में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सोपाली सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जिसका फायदा उठाकर बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। कोतवाली प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया दुर्घटनाग्रस्त बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है, और परिजनों की तहरीर के आधार पर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# कासगंज में खेलते समय मंदिर निर्माण का मार्बल टूटा, व्यापारियों और बच्चों के परिजनों में समझौता

> ■ खेल-खेल में हुआ हादसा: सूत की मंडी चौक स्थित मंदिर निर्माण स्थल पर रखी संगमरमर की सिल्लियां गिरीं
> ■ आपसी बातचीत से सुलझा मामला: नाबालिग छात्रों की नादानी मान व्यापारियों ने वापस ली शिकायत, पुलिस में लिखित समझौता

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



शहर के थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सूत की मंडी चौक स्थित शिव-हनुमान मंदिर निर्माण स्थल पर रविवार को खेलते समय बच्चों से मार्बल के पत्थर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों द्वारा पुलिस को लिखित तहरीर दी गई, हालांकि जांच और आपसी बातचीत के बाद मामला शांतिपूर्वक सुलझ गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदिर निर्माण स्थल पर निर्माण सामग्री के रूप में मार्बल के पत्थर रखे हुए थे। पास के पार्क में खेल रहे तीन नाबालिग बच्चों से अनजाने में ये पत्थर गिर गए, जिससे कुछ मार्बल क्षतिग्रस्त हो गए। व्यापारी विपिन गर्ग पुत्र भगवती प्रसाद अग्रवाल, निवासी सूत की मंडी व अन्य स्थानीय व्यापारियों ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

पुलिस द्वारा मामले की जांच करने पर सामने आया कि तीनों बच्चे एक ही विद्यालय संजय मेमोरियल स्कूल, कासगंज में कक्षा 8 के छात्र हैं। पूछताछ और जांच में यह स्पष्ट हुआ कि घटना बच्चों की नादानी और अनजाने में हुई थी, पत्थरों को नुकसान पहुंचाने की उनकी कोई दुर्भावनापूर्ण मंशा नहीं थी।

घटना की सच्चाई सामने आने के बाद दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से समझौता हो गया। शिकायतकर्ता विपिन गर्ग एवं साथी व्यापारियों ने थाना हाजा पर लिखित समझौता प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बच्चों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही, जिसके बाद मामले का पटाक्षेप हो गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अलीगंज।** थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम दादूपुर खुर्द में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के बेटे द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार ग्राम दादूपुर खुर्द निवासी प्रवेश पुत्र रामौतार ने बताया कि 29 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे उसके पिता रामौतार पुत्र रामेश्वर सिंह, उम्र करीब 45 वर्ष, गांव में चारपाई पर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही गौरव पुत्र कुलवीर सिंह अपना स्वराज ट्रैक्टर लापरवाही से चलाते हुए वहां पहुंचा। आरोप है कि चालक ने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता के ऊपर चढ़ा दिया।

हादसे में रामौतार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। मृतक के बेटे प्रवेश ने घटना के संबंध में थाना अलीगंज पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की विवेचना की।



## कादरगंज में लेंटर गिरने से मृत बच्चे के परिजनों से मिलीं सपा प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान,दी आर्थिक मदद

**कासगंज।** जनपद कासगंज की पटियाली तहसील क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान लगातार जनसंपर्क और लोगों की मदद के लिए सक्रिय हैं,सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान पटियाली विधानसभा पहुंची जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सबसे पहले वह करसेना प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं, जहां समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव नवनीत यादव भी मौजूद रहे। शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित किया और शिक्षकों का अभिनंदन किया। इसके बाद जाहिदा सुल्तान पटियाली पहुंचीं, जहां कश्यप समाज के एक मकान पर हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है, जिसके कारण एक परिवार के सिर से छत छिन गई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। इसके बाद वह कादरगंज पहुंचीं, जहां हाल ही में लेंटर गिरने की घटना में एक बच्चे की मौत हो गई थी और दो बच्चे घायल हो गए थे। उन्होंने मृतक बच्चे के परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## कासगंज में पुलिस का बड़ा प्रहार: अभियान चलाकर दबोचे गए 32 वारंटी, अदालत में पेश



**कासगंज।** जनपद में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कासगंज पुलिस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बड़ा अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह के निर्देशन इस विशेष चेकिंग व गिरफ्तारी अभियान के दौरान जिलेभर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 32 वारंटी और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। रातभर चले इस अभियान में जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों ने चिन्हित ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के तहत सदर सर्किल के थाना कासगंज से 04, सोरों से 06 और ढोलना से 04 वारंटियों को दबोचा गया। वहीं सहावर सर्किल के थाना सहावर से 02, अमांपुर से 01 और सुन्नगढी से 01 अभियुक्त पकड़ा गया। पटियाली सर्किल में शिकंजा कसते हुए पुलिस ने गंजडुंडवारा से सर्वाधिक 07, पटियाली से 04, सिढ़पुरा से 02 और सिकंदरपुर वैश्य से 01 वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह ने बताया कि सभी 32 गिरफ्तार अभियुक्तों को वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

# कासगंज में यातायात पुलिस का चाबुक: 2 दिवसीय विशेष अभियान में 213 वाहनों का चालान, 5.65 लाख से अधिक का जुर्माना

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



> ■ नियम तोड़े तो खैर नहीं: मालगोदाम चौराहे से बस स्टैंड तक चला चेकिंग अभियान, 4 वाहन सीज
> ■ रफ्तार और शोर पर कसा शिकंजा: 64 वाहन ओवर स्पीड में तो 11 का तेज हॉर्न पर कटा चालान, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी गिरी गाज

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। शनिवार और रविवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान कुल 213 वाहनों के चालान काटते हुए 5,65,500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ओ. पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी यातायात रजनीश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह द्वारा यह अभियान चलाया गया। रविवार को यातायात पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों जैसे मालगोदाम चौराहा, नदरई तिराहा, सोरों ढाल/सौरभ ढाबा और बस स्टैंड क्षेत्र में सघन चेकिंग की।

विभिन्न श्रेणियों में हुई कार्रवाई:

रफ्तार पर शिकंजा: दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन की मदद से ओवर स्पीडिंग में 64 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

ध्वनि प्रदूषण और नशा: डेसीबल मीटर से जांच कर 80 डेसीबल से अधिक शोर करने वाले 11 वाहनों, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले 1 दोपहिया और नशे की हालत में वाहन चला रहे 2 चालकों के चालान काटे गए।

गंभीर उल्लंघन पर सीज कार्रवाई: बिना ड्राइविंग लाइसेंस और अत्यधिक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 04 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।

अन्य नियम उल्लंघन: बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना फिटनेस, मालवाहक में सवारी बैठाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ भी एमवी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई।

# पुलिस अधीक्षक श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन मेंश्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया



**हाथरस।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों एवं उनके परिवारीजनों के साथ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया ।इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर में पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों द्वारा भजन -कीर्तन किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हिमांशु माथुर , प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन उपस्थित रहें । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजनों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी गयी ।

# आरपीएफ और जीआरपी ने 20 बोतल

**अलीगढ़।** आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने चैकिंग के दौरान 20 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने अलीगढ़ जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर पार्सल घर के पास चैकिंग के दौरान गिरफ्तार रोशन कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र रामानंद प्रसाद, निवासी भवानीपुर, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, बिहार और अंकित कुमार उर्फ पिंटू पुत्र रामअयोध्या शाह, निवासी भवानीपुर, मोतिहारी, बिहार को अवैध शराब की बोतल सहित गिरफ्तार किया है। रोशन कुमार के काले बैग से 10 बोतल तथा अंकित कुमार के नीले बैग से 10 बोतल शराब बरामद हुई। बरामद शराब पर संबंधित ब्रांड का नाम अंकित है। बरामद शराब की कीमत करीब 20 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में जीआरपी अलीगढ़ जंक्शन थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।कार्रवाई करने वाली संयुक्त टीम में आरपीएफ के एएसआई सुधीर कुमार, कांस्टेबल नवल किशोर तथा जीआरपी के उप निरीक्षक विवेक कुमार शामिल रहे।

## वाहनपुर पर रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित, बहिनों की रक्षा का लिया संकल्प- राकेश राजपूत

**एटा।** जनपद एटा के एसटीएस मेमोरियल इण्टर कॉलेज बाहनपुर में फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत/राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी ने रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम सुन्दर राजपूत ने किया। और अध्यक्षता कुमरसेन ने की। कार्यकम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मैं लोधी राकेश राजपूत के द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर बहिन भाई मिलन समारोह कार्यक्रम से प्रेरित होकर कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं बहिनों से कहना चाहता हूं कि उनके लिए केबल लोधी राकेश राजपूत ही आपके भाई नहीं है, मैं भी लोधी राकेश राजपूत फिल्म अभिनेता के साथ आपकी रक्षा सुरक्षा के लिए साथ खड़ा हूं। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि आप लोग अपने भाई लोधी राकेश राजपूत को आशीर्वाद दीजिए, हम सब मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे, और बहिनों की रक्षा सुरक्षा का संकल्प ले रहे हैं। कार्यकम के अतिथि फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत ने कहा कि मारहरा विधानसभा में मेरा चौथा बहिन भाई मिलन समारोह सम्पन्न हुआ है। और आगे भी चलने की उम्मीद है। मैं अपनी बहिनों की रक्षा के लिए पिछले बहुत सालों से बहिन भाई मिलन समारोह रक्षाबंधन के मौके पर करता चला आ रहा हूं। मैं उन राजनेताओ को भी संदेश देना चाहता हूं कि वह भी अपने अपने क्षेत्रों में ऐसे ही कार्यक्रमों का आयोजन करें। मुझे बहिन भाई मिलन समारोह करने से उनकी सेवा करने का मौका मिलता है और मैं उनका आशीर्वाद भी प्राप्त करता हूं। बहिनों की रक्षा सुरक्षा करना ही मेरा उद्देश्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष की टीम जुगेंद्र सिंह यादव, श्याम सुन्दर राजपूत, डालचंद वर्मा, तेजसिंह वर्मा लेखपाल, जितेन्द्र कुमार यादव, योगेश कुमार यादव, लोधी योगेंद्र राजपूत, कामता प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार, कमल सिंह वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, कुमारसेन, अमर सिंह राजपूत, प्रदीप यादव के साथ ही सैकड़ों बहिनें कार्यक्रम में शामिल हुई।

## मृदुला राघव को भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री बनाए

**अलीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी उ.प्र.के प्रांतीय नेतृत्व एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी द्वारा क्षेत्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुश्री मृदुला राघव की कार्य कुशलता और कर्मठता को देखते हुए क्षेत्रीय महामंत्री बनाए जाने के बाद अपने गृह जनपद अलीगढ़ में प्रथम बार आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा मडराक टोल पर सासनी गेट ,पडाव दुबे, गांधी आई हास्पीटल,के बाद एटा बायपास रोड पर स्थित मॉडर्न गार्डन में भव्य स्वागत किया गया।

# शिक्षक समाज और राष्ट्र के शिल्पकार: राम शरण वर्मा

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षकों को किया सम्मानित

टीएनएफ टुडे, हाथरस।



शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय हाथरस परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े प्रमुख शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राम शरण वर्मा ने सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए । उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य के वास्तविक शिल्पकार हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में सूचनाओं की भरमार है, लेकिन सूचना को ज्ञान और ज्ञान को विवेक में बदलने का कार्य शिक्षक ही कर सकते हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।अवसर पर भारत के महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी स्मरण किया गया। 5 सितंबर 1888 को जन्मे डॉ. राधाकृष्णन ने अपना जीवन शिक्षा, दर्शन और राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। उनके शिक्षा संबंधी विचार आज भी शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर देश शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक द्वारा विद्यार्थी के जीवन में जगाई गई ज्ञान और संस्कार की ज्योति आने वाली कई पीढ़ियों को प्रकाशित करती है। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की शक्ति का सम्मान है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय हाथरस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंक की इस पहल की शिक्षकों ने सराहना करते हुए इसे शिक्षक समुदाय के उत्साहवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम के साथ साथ उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की हाथरस जनपद में स्थित अनेक शाखाओं में भी शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किये गए '

दलीप ट्रॉफी फाइनल

# पहला दिन ईस्ट जोन के बल्लेबाजों के नाम, ईशान किशन का शतक



एजेंसी, चेन्नई।

कप्तान ईशान किशन के शतक की मदद से ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में ईस्ट जोन ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में चार विकेट पर 385 रन बनाए।

स्टंप्स के समय ईशान 135 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 111 रन और कुमार कुशाग्र 75 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

### सही रहा टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला

ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। अभिमन्यु ईश्वरन और वैभव सूर्यवंशी ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 100 रन जोड़े थे। इस साझेदारी को चामा मिलिंद ने तोड़ा। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी को पवेलियन भेजा। वैभव ने 37 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। वहीं, ईश्वरन ने अर्धशतक लगाया और वह 86 गेंद में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 72 रन बनाकर रन आउट हुए।

### ईशान-कुशाग्र की शानदार साझेदारी

सुदीप कुमार कुछ खास नहीं कर सके और छह रन बनाकर त्रिपुराणा विजय का शिकार बने। शिखर मोहन ने फिर कप्तान ईशान के साथ 94 रन की साझेदारी निभाई। शिखर 120 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 85 रन बनाकर मिलिंद की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद ईशान और कुशाग्र ने शानदार बल्लेबाजी की और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों के बीच अब तक पांचवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी हो चुकी है। ईशान ने शतक लगाया, जबकि कुशाग्र अर्धशतक लगाकर नाबाद हैं। ईस्ट जोन की नजर अब दूसरे दिन बड़े स्कोर पर होगी।

### पहले दिन एक शतक और तीन अर्धशतक लगे

ईस्ट जोन के बल्लेबाजों ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। टीम के लिए ईशान ने जहां शतक लगाया तो वहीं तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। अभिमन्यु, शिखर मोहन और कुशाग्र अर्धशतक लगाने में सफल रहे। वहीं, वैभव सूर्यवंशी भी अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन अर्धशतक लगाने से चूक गए। साउथ जोन की ओर से चामा मिलिंग ने दो विकेट लिए, जबकि त्रिपुराणा विजय को एक सफलता मिली।

### वैभव-तिलक आपस में भिड़े

दलीप ट्रॉफी 2026-27 के फाइनल में ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच मुकाबले के दौरान मैदान पर उस समय तनाव देखने को मिला, जब युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच शुरूआत में बातचीत और मजाकिया अंदाज में स्लेजिंग चल रही थी, लेकिन देखते ही देखते यह तीखी बहस में बदल गई। यह घटना ईस्ट जोन की पहली पारी के 11वें ओवर में हुई। तिलक वर्मा लगातार वैभव सूर्यवंशी से बातचीत कर रहे थे और उन्हें उप-कप्तानी को लेकर स्लेज कर रहे थे। इसी दौरान तिलक ने वैभव से कहा, 'क्या यार, ये वाइस-कैप्टन।' इसके कुछ ही देर बाद माहौल गर्म हो गया। तिलक वर्मा 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की ओर बढ़े और हल्का सा शारीरिक इशारा किया, जैसे वह पंच यानी मुक्का मारने की बात कर रहे हों। वैभव भी पीछे नहीं हटे और उन्होंने तुरंत उनका सामना किया। दोनों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अंपायर ने हस्तक्षेप किया और दोनों खिलाड़ियों को अलग किया।

# 'पीसीबी ने खुद का मजाक बनवाया'

## लॉर्ड्स टेस्ट विवाद पर इमरान खान के बेटों की आई प्रतिक्रिया

एजेंसी, कराची।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया लॉर्ड्स टेस्ट को छोड़ने की धमकी देकर बोर्ड ने खुद का मजाक बनवाया है।

### क्यों हुआ था विवाद?

यह विवाद दूसरे टेस्ट के दौरान तब शुरू हुआ जब 'स्काई स्पोर्ट्स' ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन द्वारा खान के बेटों, सुलेमान और कासिम के साथ किए गए एक इंटरव्यू को प्रसारित किया। दोनों ने जेल में बंद अपने पिता की बिगड़ती सेहत और पाकिस्तान की जेल की स्थितियों के बारे में बात की। इसके बाद ऐसी खबरें आईं कि पीसीबी ने धमकी दी थी कि अगर इंटरव्यू का प्रसारण रद्द नहीं किया गया तो वे पहले दिन लंच के बाद मैदान पर नहीं उतरेंगे।

कासिम ने रविवार को कहा, 'उन्होंने खुद का मजाक बनवाया।' वहीं, सुलेमान ने इंटरव्यू पर पीसीबी की प्रतिक्रिया पर हैरानी जताते हुए कहा, मुझे किसी तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद थी, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि वे इतने नासमझ होंगे कि मैदान पर न उतरने की धमकी देंगे। पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी जो 22 साल तक इंग्लैंड में रहे, उनके बारे में हुए इंटरव्यू को हटवाने की मांग करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकार क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। यह राजनीति के बारे में नहीं, बल्कि मानवीय स्थिति और उनकी सेहत के बारे में था।



### सुलेमान ने पाकिस्तानी अधिकारियों के दावे को खारिज किया

पाकिस्तानी अधिकारियों ने लगातार दुर्व्यवहार के आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि इमरान को पूरी चिकित्सीय देखभाल मिल रही है। हालांकि, सुलेमान ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा, एक चिंताजनक बात जो सुनने में आ रही है, वह यह है कि वे उनकी खराब सेहत के बारे में खबरें धीरे-धीरे फैला रहे हैं और ऐसा दिखावा कर रहे हैं कि वे उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि असल में वे किसी बड़ी बुरी घटना की तैयारी कर रहे हैं। फिर वे अपना पल्ला झाड़ते हुए कह सकते हैं वह तो बस एक बूढ़े आदमी थे जिनकी मौत हो गई, और हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने हमें इनमें से किसी भी बात का कोई सबूत नहीं दिया है। यह सब सरकारी सूत्रों से सुनी-सुनाई बातें हैं। इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है, वे किसी को भी जानकारी तक पहुंच नहीं देना चाहते, तो हम इनमें से किसी भी बात पर कैसे यकीन करें? आखिरी पक्की जानकारी हमें छह महीने पहले उनसे ही मिली थी, जब उन्होंने अपनी आंख के बारे में और इस बात का जिक्र किया था कि कैसे उसकी अनदेखी की गई थी।

इमरान की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी के चर्चा में रहने के बीच, कासिम और सुलेमान ने इमरान को कैद में रखने को लेकर सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं जताई हैं। उन्होंने कहा, वे स्पष्टतौर पर उन्हें वहां मार डालने की उम्मीद कर रहे हैं। वे उन्हें चुप कराना चाहते हैं और धीरे-धीरे उन्हें खत्म कर देना चाहते हैं। पाकिस्तान में इस समय सबसे लोकप्रिय व्यक्ति के साथ ऐसा करना बहुत मुश्किल काम है। जब भी हम बात करते हैं, तो उनकी रणनीति यही होती है कि सब कुछ ठंडा पड़ जाए और फिर और भी कठोर प्रतिबंध लगा दिए जाएं, जिससे उनके लिए जीवित रहना और भी मुश्किल हो जाए।

# मनोरंजन

# अली गोनी के साथ ब्रेकअप की अफवाहों पर जैस्मिन भसीन ने दिया रिएक्शन

अभिनेत्री जैस्मिन भसीन और अली गोनी लंबे वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों की जोड़ी काफी पसंद की जाती है। इस बीच अचानक इनके ब्रेकअप के कयास लगने लगे। दरअसल, जैस्मिन के एक 'आई एम इनफ' टैटू वाली पोस्ट के बाद ऐसी अफवाहों ने जोर पकड़ा। ब्रेकअप की खबरों पर अब जैस्मिन ने रिएक्शन दिया है।

### जैस्मिन भसीन क्या बोलीं?

अभिनेत्री जैस्मिन ने ब्रेकअप की रूमर्स पर लोगों को आड़े हाथों लिया है। साथ ही जिस पोस्ट की वजह से ऐसी खबरों ने जोर पकड़ा, उस पर भी सफाई दी है। जैस्मिन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा है, 'मेरी जिंदगी में जो कुछ भी है, वह हर चीज मेरे रिलेशनशिप को लेकर कोई क्रिप्टिक मैसेज नहीं होता है। कई बार एक महिला सिर्फ यूं ही अपने बारे में बात कर रही होती है'।

### बोलीं- 'चिल करो गाइज'

जैस्मिन ने आगे कहा, 'हैरानी की बात है कि कई बार चीजों को कैसे घुमा-फिरा दिया जाता है और कपल की तस्वीरों का इस्तेमाल ऐसे करते हैं, ताकि ज्यादा लोग उन्हें देखें। चिल करो गाइज'।

### कैसे शुरू हुई ब्रेकअप की चर्चा?

जैस्मिन ने हाल ही में अपना पहला टैटू बनवाने के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। इसी से अफवाहों ने जोर पकड़ा। इस टैटू पर लिखा था, 'आई एम इनफ' (मैं अपने आप में काफी हूं)। इस पोस्ट को अभिनेत्री ने बाद में डिलीट कर दिया।

इसी के साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के एक ऐसे दौर के बारे में बात की, जब उन्होंने प्यार और अपनाए जाने का एहसास पाने के लिए खुद को बदलने की कोशिश की थी। जब अली के साथ ब्रेकअप की रूमर्स फैलने लगीं तो जैस्मिन ने एक और पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे दी है।

### जैस्मिन और अली का रिलेशनशिप

बता दें कि जैस्मिन और अली की पहली मुलाकात साल 2018 में रोहित शेट्टी के रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 9' की शूटिंग के दौरान हुई थी। अर्जेंटीना में साथ रहने के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में उनकी दोस्ती गहरी हो गई। उनका रिश्ता 2020 में तब सबके सामने आया जब अली 'बिग बॉस 14' के घर में वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर आए, जबकि जैस्मिन पहले से ही शो का हिस्सा थीं। शो में रहने के दौरान अली ने जैस्मिन के लिए अपनी फीलिंग्स के बारे में खुलकर बात की। तभी से दोनों साथ हैं।





# कार्तिक ने शुरू की अगली फिल्म की शूटिंग, निभाएंगे बहादुर पायलट का रोल

कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कार्तिक के फैंस के लिए खुशखबरी है कि उनकी आने वाली फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा हो गया है।

### इस फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में वह एक बहादुर पायलट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जो युद्ध के बीच फंसे लोगों को बचाने के लिए खतरनाक मिशन की अगुवाई करता है।

एक्टर ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में कार्तिक फिल्म की शूटिंग का ड्राफ्ट हाथ में पकड़े नजर आए।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म का निर्देशन शिमित अमीन कर रहे हैं। फिल्म में कार्तिक आर्यन एक बहादुर पायलट की भूमिका निभाएंगे। उनका किरदार एक युद्धग्रस्त देश में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एक बेहद खतरनाक और मुश्किल मिशन की अगुवाई करता है। फिल्म की कहानी युद्ध के दौरान लोगों को बचाने के इस साहसी मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है।

कार्तिक आर्यन की यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज होगी। आखिरी बार इस फिल्म में नजर आए थे कार्तिक आर्यन कार्तिक आर्यन इससे पहले फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे भी थीं। फिल्म की कहानी एक बेफिक्र वेडिंग प्लानर और नियमों को न मानने वाली राइटर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में दोनों किरदारों का नाम रे और रूमी था, जिनकी मुलाकात क्रोएशिया में होती है। यह फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी।

# साउथ सिनेमा अपनी जड़ों से जुड़ा, यही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती: नैला ग्रेवाल

बरेली की बर्फी, थप्पड़ और तमाशा जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री नैला ग्रेवाल आगामी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म 'राका' में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि साउथ इंडस्ट्री के लोग अपनी जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं और अपनी फिल्मों के जरिए इसको दिखाते हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, ₹मुझे लगता है कि साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरती यह है कि वे अपने कल्चरल ताने-बाने और जड़ों से बहुत जुड़े रहते हैं। वे अपनी फिल्मों और स्क्रिप्ट के जरिए अपने कल्चरल ताने-बाने को इतनी खूबसूरती से दिखाते हैं, जिससे हर तरह के लोग उनके सिनेमा की ओर खींचा चला आता है। मुझे लगता है कि यही उनकी खूबसूरती है कि वे असल में जैसे हैं, वैसे ही है। साथ ही, उनकी राइटिंग और स्क्रिप्टिंग भी बहुत अच्छी है।₹ नैला ग्रेवाल ने फिल्म 'राका' की हिंट देते हुए कहा, ₹आपने अभी तक फिल्म को लेकर जो कुछ भी देखा, उससे भी कई ज्यादा एक्साइटिंग होने वाला है। यह मेरे लिए बहुत खास सफर है।₹ अभिनेत्री ने अपने सिनेमाई सफर को याद करते हुए कहा कि वे खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि शुरूआत में ही उन्होंने रणबीर कपूर, रवि किशन समेत कई टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम किया है, जिनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने कहा, "राका भी बहुत बढ़िया फिल्म है और इसमें मैंने प्रेरणादायक एक्टर्स के साथ काम किया है। जब आप दिलचस्प एक्टर्स के साथ काम करते हैं, तो एक अलग लेवल का चैलेंज होता है। वह चैलेंज प्रोजेक्ट, आपके कैरेक्टर और आपके पूरे अनुभव को और भी बेहतर बनाता है। इतनी शानदार स्टार कास्ट के साथ काम करने के बारे में मुझे ऐसा ही लगता है।"

एटली कुमार के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म 'राका' में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और रिपोर्ट्स के अनुसार वह इसमें ट्रिपल रोल (तीन अलग-अलग किरदार) निभा सकते हैं। उनके साथ लीड रोल में



दीपिका पादुकोण, रश्मिका मंदाना, जान्हवी कपूर, मृणाल ठाकुर और ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसे कई अन्य कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म टाइम ट्रैवल, मल्टीवर्स और पुनर्जन्म जैसे अनोखे और बड़े कॉन्सेप्ट पर आधारित बताई जा रही है। अल्लू अर्जुन के पहले लुक पोस्टर में उनका एक बहुत ही अलग और खतरनाक अंदाज (जंगली या वेयरवुल्फ जैसा लुक) देखने को मिला है।

# बिपाशा: फिल्म 'जिस्म' के बोल्ड सीन पर क्या बोलीं अभिनेत्री?

अभिनेत्री बिपाशा बसु बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री रही हैं। साल 2003 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'जिस्म' को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। मगर एक्ट्रेस ने एक बातचीत में खुलासा किया है कि इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों ने उन्हें यह फिल्म न करने की सलाह दी थी। जानें क्या बोलीं बिपाशा

### बिपाशा ने फिल्म 'जिस्म' पर क्या कहा?

एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक इंटरव्यू में कहा, "जब मेरे पास यह फिल्म आई तो उस वक्त फिल्मी दुनिया से जुड़े लोगों ने मुझे इस फिल्म में काम न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर मैंने फिल्म में बोल्ड सीन्स दिये तो इससे मेरे करियर पर बुरा असर पड़ेगा। यह भी हो सकता है कि मुझे आगे फिल्में न मिलें।"

### इस सुझाव पर क्या था एक्ट्रेस का जवाब?

बिपाशा बसु ने आगे अपनी बातचीत में बताया कि इन सुझावों को सुनने के बाद उन्होंने अपना तर्क रखा। एक्ट्रेस ने उन सभी लोगों से कहा, "मैं एक व्यस्क हूं। यह फिल्म भी एक व्यस्क प्रेम कहानी पर आधारित है। यह बच्चों के लिए नहीं है।"

बिपाश ने बताया कि फिल्म में सोनिया का किरदार ऐसा था जिसमें वह खुद को ढाल सकती थीं और यह फिल्म करने में उन्हें काफी मजा आया।

### बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई फिल्म

फिल्म 'जिस्म' बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 8.14 करोड़ का कारोबार किया था। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 13.14 करोड़ की कमाई की थी। उस समय नए अभिनेताओं की फिल्म का इतना कलेक्शन करना बड़ी बात थी।

फिल्म में बिपाशा ने सोनिया खन्ना और जॉन अब्राहम ने कबीर लाल का किरदार निभाया था। यह जॉन अब्राहम की डेब्यू फिल्म थी। फिल्म का निर्देशन अमित सक्सेना ने किया था। वहीं फिल्म की कहानी महेश भट्ट ने लिखी थी। फिल्म में गुलशन ग्रोवर ने सोनिया के पति रोहित खन्ना की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्माण पूजा भट्ट और सुजीत कुमार सिंह ने किया था।

